Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 151 | मंगलवार, 03 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

### 'यूक्रेन पर परमाणु हमला कर सकता है रूस'



नई दिल्ली।

रूस का महाशक्ति का आसन अब डोल रहा है। रविवार को पांच वायुसेना अड्डों पर हुए हमलों और उनमें शामिल बेलाया एयरबेस पर परमाणु हमले में सक्षम 40 से ज्यादा बमवर्षक विमानों को बर्बाद करने वाले यूक्रेनी हमले ने अब युद्ध को रेडलाइन के करीब पहुंचा दिया है। संकेत रूस के बड़े नौसैनिक अड्डे पर भी हमले का है जहां पर परमाणु हमले में सक्षम पनडुब्बियों का बेस है।

इन हमलों ने यूक्रेन पर रूस के परमाणु हमले का खतरा बढ़ा दिया है। अमेरिका के दो सीनेटरों के रविवार को इस आशय के संकेत देने के बाद सोमवार को वे पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिले। इस मुलाकात में भी आने वाले दिनों में यूक्रेन में भीषण हमलों की आशंका पर सहमति जताई गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पेरिस में अमेरिका के रिपब्लिकन पार्टी से सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथाल ने एसोसिएटेड प्रेस से बातचीत में भीषण लड़ाई की आशंका जताई है।

### सीएम रेखा गुप्ता ने किए बाबा केदार के दर्शन

नई दिल्ली।



केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने का अवसर पाकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना की और कहा कि बाबा केदार से उनकी कामना है कि उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के विकास के लिए काम करने की शक्ति मिले। एएनआई से बात करते हुए, सीएम गुप्ता ने अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम में आशीर्वाद लेने के लिए खुद को भाग्यशाली बताया। केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना करने का अवसर पाकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रही हूं।

## IATA summit बोले पीएम मोदी

# भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही। विमानों की मरम्मत एवं रखरखाव (एमआरओ) एक उभरता हुआ क्षेत्र, भारत को 2030 तक एमआरओ का एक वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ हमारी यात्रा योजना सिर्फ.धरती के शहरों तक ही सीमित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आईएटीए (अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ) के सालाना आम बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय विमानन क्षेत्र वैश्विक हवाई परिवहन उद्योग में एक प्रमुख इकाई है। उन्होंने कहा कि विमानन क्षेत्र के लिए भारत के पास एक बाजार, प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष के लिए प्रतिभा और मुक्त एवं सहयोगी नीति मौजूद है। पीएम ने दावा किया कि भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागर विमानन बाजार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही। विमानों की मरम्मत एवं रखरखाव (एमआरओ) एक उभरता हुआ क्षेत्र, भारत को 2030 तक एमआरओ का एक वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ हमारी यात्रा योजना सिर्फ.धरती के शहरों तक ही सीमित नहीं है। आज इंसान अंतरिक्ष उड़ानों और अंतरग्रहीय यात्राओं का व्यवसायीकरण करने और उन्हें नागरिक उड्डयन के लिए खोलने का सपना देख रहा है।

- भारत विश्वस्तरीय हवाई अड्डों में निवेश कर रहा है, हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 162 हुई।

### छंटनी पर अड़ी ट्रंप सरकार बोली- अदालत फैसला करे

**नई दिल्ली।** अमेरिका में बीते छह महीने में कई बार ऐसा हुआ है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी नीतियों का हवाला देकर कई चौंकाने वाले फैसले लिए। हालांकि, संघीय कर्मचारियों की छंटनी, बड़े देशों से पारस्परिक टैरिफ वसूलने की नीति और अवैध प्रवासियों को देश से निकालने को लेकर ट्रंप ने जो फैसले लिए हैं, इनके खिलाफ कई अदालतों में मुकदमे हो चुके हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार की तरफ से लिए गए दो बड़े फैसलों पर अब अदालतों ने रोक लगा दी है। इसमें पहला मामला फेडरल कर्मचारियों की बड़े स्तर पर की जा रही छंटनी से जुड़ा है। ट्रंप प्रशासन ने सरकारी कामकाज को छोटा करने और कर्मचारियों की संख्या घटाने के लिए एक आदेश जारी किया था। लेकिन कैलिफोर्निया की जज सुसान इल्सटन ने इस फैसले पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी छंटनी के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी है।हालांकि ट्रंप प्रशासन ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति को अपनी प्रशासनिक टीम को संचालित करने का अधिकार संविधान के तहत है और इसके लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं।

## दिल्ली में कोरोना से चौथी मौत

# 22 साल की लड़की ने तोड़ा दम राजधानी में तेजी से फैल रहा कोविड

नई दिल्ली।

दिल्ली में बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को एक 22 साल की लड़की की कोविड से मौत हो गई। दिल्ली में कोरोना से 22 साल की युवती की मौत हो गई।

मरीज पहले से कई बीमारियों से पीड़ित थी। इलाज के दौरान संक्रमण होने के कारण उसकी समस्या बढ़ी। धीरे-धीरे स्थिति खराब होने के बाद मरीज ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डाटा के अनुसार 24 घंटे में 22 साल की एक युवती ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। युवती पुरानी सांस संबंधित बीमारी का इलाज करवा रही थी। उसमें पोस्ट ट्यूबरकुलोसिस (टीबी ठीक होने के बाद समस्या) फेफड़ों की बीमारी के अलावा द्विपक्षीय निचले श्वसन नली में संक्रमण भी था। पहले से स्थिति गंभीर होने के कारण कोरोना ने स्थिति को और जटिल बना दिया। डाटा के अनुसार दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक चार मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया है। दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक कोरोना के 483 मरीज सामने आ चुके हैं। रविवार को दिल्ली में 47 नई मरीज सामने आए। दिल्ली में कुल मरीजों में से 439 मरीजों को छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं रविवार को 82 मरीजों को छुट्टी दी गई।



### दुनिया भर में 'आतंकिस्तान' को बेनकाब कर लौट रहे भारतीय सांसद, पीएम मोदी

नई दिल्ली।



पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई से दुनिया को अवगत कराने गए सांसदों और राजनयिकों के प्रतिनिधमंडल की वापसी बुधवार सुबह से शुरू हो जाएगी। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह खुद प्रधानमंत्री भी इन प्रतिनिधमंडलों से मुलाकात करेंगे और फीडबैक लेंगे। विश्व के 33 देशों में कुल दस दिनों की यात्रा बहुत सफल मानी जा रही है जिसमें औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा में भारत के सांसदों (कल्ल्र्ल्लि टढ२ ि७स्त्रङ्करी ढंद्म२३ल्ल) ने न सिर्फ संबंधित सरकारों बल्कि वहां के थिंक टैंक और बुद्धिजीवियों को हर पहलू पर भारत के विचारों से सहमत कराने की कोशिश की। इसकी सफलता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि जिस कोलंबिया ने पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से सहानुभूति जताई थी उसने भी प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बाद मन बदला और पिछला बयान वापस लेते हुए आतंकवाद पर भारत की सोच का समर्थन किया। पहली टीम शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में 23 मई को विदेश गई थी। 25 मई को आखिरी टीम रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में पश्चिमी यूरोप गई थी।

### पोलैंड राष्ट्रपति चुनाव में कंजर्वेटिव नावरॉकी जीते

**नई दिल्ली।** पोलैंड में राष्ट्रपति चुनाव में सहयोगी की हार के बाद पोलैंड के पीएम टस्क ने सरकार पर विश्वास मत की मांग की। देखा जाए तो नव निर्वाचित राष्ट्रपति करोल नवरोकी की जीत से टस्क की यूरोप समर्थक नीतियों पर संकट मंडरा रहा है। इसको लेकर टस्क ने एक वीडियो में कहा कि अगर नवरोकी सहयोग की इच्छा दिखाते हैं, तो वे उनके साथ काम करने को तैयार हैंपोलैंड में हुए राष्ट्रपति चुनाव में अपनी सहयोगी लिबरल उम्मीदवार और वारसॉ के मेयर रफाल ट्र्जासकोव्स्की की हार के बाद पीएम डोनाल्ड टास्क ने सोमवार को विश्वास मत पेश करने की बात पर जोर दिया।

## भारत को रूस से 2026 तक मिलेंगी बाकी एस-400 मिसाइल प्रणाली, पाकिस्तानी हमले को किया था नाकाम

नई दिल्ली।



भारत ने 2018 में रूस के साथ एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन के लिए 5.43 अरब डॉलर का सौदा किया था। यह एक अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणाली है जो लंबी दूरी पर कई हवाई खतरों से निपटने में सक्षम है। तीन स्क्वाड्रन पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। रूस 2025-26 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की शेष दो इकाइयों की आपूर्ति कर दी जाएगी। रूस के भारत में मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि हाल ही में भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान इस प्रणाली ने बहुत कुशलता से काम किया। बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का भी संकेत दिया। बाबुश्किन ने कहा, हम जो अनुभव कर रहे हैं, यूरोप और यहां की स्थिति के अनुसार वायु रक्षा प्रणाली, सामान्य तौर पर रक्षा तैयारी में हमारी साझेदारी के लिए यह एक आशाजनक विषय है। शेष दो एस-400 इकाइयों की आपूर्ति घोषित समयसीमा के अनुरूप 2025-26 तक पूरी होने की उम्मीद है। रक्षा सहयोग के संभावित विस्तार पर, बाबुश्किन ने कहा, हम वायु रक्षा प्रणालियों पर बातचीत के विस्तार को लेकर उत्साहित हैं।

बता दें कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के साथ हालिया तनाव के दौरान भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम' से निशाना बनाया था।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



छत्तीसगढ़।

छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। चव्हाण ने बताया कि नक्सली राज्य सरकार की नियद नेल्लनार (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं। इस योजना का उद्देश्य दूरदराज के गांवों में विकास कार्यों को सुविधाजनक बनाना है। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादियों की केंद्रीय क्षेत्रीय समिति (सीआरसी) कंपनी नंबर दो की सदस्य रीता उर्फ डोडी सुक्की (36) और माओवादियों की पीएलजीए बटालियन नंबर एक के एक पार्टी सदस्य राहुल पुनेम (18) के सर पर आठ–आठ लाख रुपए का इनाम था।

### केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त

## ओवैसी ने पाकिस्तानी आतंकी संगठनों की तुलना अलकायदा से की, बोले- जेल में रहते हुए लखवी बाप कैसे बन गया

नई दिल्ली।

ओवैसी ने आतंकवादी जकीउर रहमान लखवी के प्रति पाकिस्तान के पक्षपातपूर्ण व्यवहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जकीउर रहमान लखवी नामक एक आतंकवादी था - दुनिया का कोई भी देश ऐसे आतंकवादी को अनुमति नहीं देगा, जिस पर आतंकवाद का आरोप हो। आईएमआईएम प्रमुख और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए उसे 'तकफीरिज्म का केंद्र' बताया, जिसका मतलब कट्टरपंथी विचारधाराओं से है। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी समूहों, आईएसआईएस और अल-कायदा जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों के बीच कोई वैचारिक अंतर नहीं है। उनकी टिप्पणी अल्जीरिया में एक संबोधन के दौरान आई, जहां सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के बयान का मुकाबला करने और आतंकवाद पर भारत की स्थिति को उजागर करने के लिए केंद्र की वैश्विक आउटरीच पहल के हिस्से के रूप में पहुंचा था। ओवैसी ने आतंकवादी जकीउर रहमान लखवी के प्रति पाकिस्तान के पक्षपातपूर्ण व्यवहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जकीउर रहमान लखवी नामक एक आतंकवादी था - दुनिया का कोई भी देश ऐसे आतंकवादी को अनुमति नहीं देगा, जिस पर आतंकवाद का आरोप हो।



## संपादक की कलम से

# यह वक्त एकजुटता का है

19 47-48 के भारत-पाक युद्ध में हमारे करीब 6000 जवान शहीद हुए थे। 1965 के युद्ध में यह संख्या 3500 के करीब रही और 1971 के भारत-पाक युद्ध में भी करीब 3000 सैनिक शहीद हुए। 1999 के कारगिल युद्ध में भी यह संख्या 527 तक पहुंच गई। देश के अनुभवी रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, विभिन्न युद्धों, संघर्षों या किसी अन्य ऑपरेशन के दौरान 15,000 से अधिक सैनिक शहीद हो चुके हैं। क्या देश को यह एहसास है कि कितने परिवार अनाथ हुए होंगे? क्या कांग्रेस ये तमाम आंकड़े जानती है,



ललित शर्मा
संपादक

क्योंकि इन युद्धों के कालखंड में अधिकतर वह ही सत्तारूढ़ थी? क्या कांग्रेस देश को बताएगी कि इन शहीद सैनिकों को लेकर संसद के कितने विशेष सत्र बुलाए गए? शहादत के आंकड़े किसी संसदीय रिकॉर्ड में दर्ज हैं? कितने जांबाज जवान घायल हुए होंगे और अपाहिज हो गए होंगे? क्या देश को यह भयानक यथार्थ किसी ने बताया है? लोकतंत्र और सरकार की गतिविधियों, कार्रवाइयों को जानने का अधिकार इतना शिथिल और संकीर्ण नहीं हो सकता। युद्ध और सामान्य, सार्वजनिक मुद्दों के बीच गहरे अंतर होते हैं। सवाल है कि कांग्रेस यह जान कर कौन-सा राजनीतिक लक्ष्य हासिल कर लेगी कि भारत-पाक के हालिया संघर्ष के दौरान हमारे कितने लड़ाकू विमान धराशायी हुए? हमारी वायुसेना ने आतंकियों के 9 बड़े ठिकाने मिट्टी में मिला दिए, करीब 170 आतंकियों को ढेर भी किया, पाकिस्तान के महत्वपूर्ण एयरबेस, रडार सिस्टम और वायु रक्षा प्रणालियां इस कदर तबाह कर दी गईं कि 4-5 साल तक पाकिस्तान युद्ध की सोच भी नहीं सकता। क्या कांग्रेस खुश नहीं है कि हमारी सेनाओं ने तय लक्ष्य हासिल किए और दुनिया के विशेषज्ञ भारत की निर्णायक जीत के विश्लेषण कर रहे हैं? अब चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की आड़ में छिप कर कांग्रेस मोदी सरकार और सेना को निशाना बनाने पर आमादा है। बेशक सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने एक साक्षात्कार में स्वीकार किया है कि हालिया संघर्ष में शुरूआत के दो दिनों में हमें हवाई नुकसान उठाना पड़ा। नंबर अहम नहीं हैं, लेकिन हमने गलतियां सुधारीं और अपने टारगेट पर हमला बोल कर उसे तबाह कर दिया। डीजीएमओ (एयर ऑपरेशन) एयर मार्शल एके भारती ने भी लगभग यही बात कही थी कि जंग में नुकसान अपरिहार्य है, लेकिन सीडीएस ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार, 5 राफेल विमान गिराने के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। कांग्रेस सीडीएस के बयान का एक छोर पकड़ कर सवाल करते हुए संदेह जताने पर क्यों तुली है? उसकी संसद के विशेष सत्र बुलाने में क्या दिलचस्पी है? हम पहले भी कह चुके हैं कि यदि सामूहिक विपक्ष संसद सत्र की मांग कर रहा है, तो सरकार को मॉनसून सत्र कुछ पहले ही बुला लेना चाहिए, लेकिन अब कांग्रेस चाहती है कि प्रधानमंत्री मोदी सीडीएस के बयान पर संसद में स्पष्टीकरण दें। कांग्रेस को पता होगा कि अभी ऑपरेशन सिंदूर स्थगित है, खत्म नहीं हुआ है। युद्ध की रणनीति अति गोपनीय विषय है, उसे संसद के मंच पर भी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। सीडीएस ने रणनीति की ओर संकेत किया है। क्या प्रधानमंत्री के स्पष्टीकरण के जरिए कांग्रेस उस रणनीति का खुलासा करवा देना चाहती है, जो पाकिस्तान के लिए फायदेमंद हो सकती है। पाकिस्तान हमारी सैन्य रणनीति जानने के बाद अपनी रणनीति दोबारा बना सकता है। हमारा सवाल है कि क्या कांग्रेस का अस्तित्व भारत के अस्तित्व से भिन्न है? उसने कारगिल युद्ध के बाद विशेषज्ञ समिति की तर्ज पर नई समीक्षा-समिति बनाने की भी मांग की है। इस संदर्भ में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर बातचीत कर सकते हैं। सार्वजनिक मंच पर शोर मचाने और प्रधानमंत्री पर देश को गुमराह करने जैसे आरोप लगाने से हासिल क्या होगा? दुश्मन ही खिल्ली उड़ाएगा। यह युद्ध-सा माहौल है, लिहाजा कांग्रेस को ऐसा गैर-जरूरी रवैया नहीं अपनाना चाहिए। देश और सेना उसकी भी है। संकटकाल में देश के राजनीतिक नेतृत्व ने जो निर्णय लिए हैं, फिलहाल उनका समर्थन करना चाहिए। राजनीति के लिए लंबा वक्त शेष है। अभी संसदीय चुनाव भी नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के बार-बार मध्यस्थता के दावे पर भी सवाल पूछना देशहित में नहीं है। भारत अमरीका से भी दुश्मनी मोल लेने का जोखिम नहीं उठा सकता, लिहाजा उन दावों को नजरअंदाज करना ही बेहतर है।

# भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल एवं बेतुका विवाद

श शि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है। पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए। शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि



कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए।

युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत एवं सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता है, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6-7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे। सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया है। आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि आइडिया ऑफ पाकिस्तान और आइडिया ऑफ इंडिया के बीच कितनी चौड़ी खाई है, यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पाकिस्तान आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त है एवं आतंक को पोषित एवं पल्लवित करने वाला देश है। उसके आतंकवाद ने भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों को भारी नुकसान पहुंचाया है। एक देश, जो आतंक की बुनियाद पर खड़ा है, न उसे शर्म है, न पछतावा। वहां ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों व उनके परिजन को जैसा राजकीय सम्मान दिया गया है, जैसे पाक फौज आतंकी सरगनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी देखी गई है, उस तरफ से मुंह मोड़कर अगर दुनिया खड़ी होगी, तो यकीन मानिए, फिर इंसानियत का खून होगा और आतंकवाद को बल मिलेगा। ऑपरेशन सिन्दूर भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बना है। भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। पाक सेना आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है, लेकिन उसकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाक के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है।

## मोनिका डाग
## महाकाल स्तुति
## कविता



जय जय जय महादेव शंभू देवाधिदेव शंकरा,
नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं देवाधिदेव दिगंबरा ।

प्रचंड हो अखंड हो दुष्टों के लिए मृत्युदंड हो,
काल हो महाकाल हो भूतनाथ विकराल हो,
सरल हो अविरल हो कंठ में रखे विष गरल हो,
विश्वेश्वर हो नागेश्वर हो उत्पत्ति कर्ता महेश्वर हो,
स्वयंभू तेज पुंज ज्योतिर्मय सर्वदेवात्मा प्रभाकरा,
नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं देवाधिदेव दिगंबरा ।

राजाधिराज हो योगीराज हो शंभू शिव महाराज हो,
जटाधारी हो त्रिनेत्रधारी हो भस्म रमाएं ऊँकारी हो,
निशाचर हो प्रलयंकर हो इस सृष्टि के सूत्र कार हो,
नंदीश्वर हो सर्वेश्वर हो पालनकर्ता पिता परमेश्वर हो,
सोम तीर्थरूप पारिजात ऐश्वर्यकारक अचलेश्वरा,
नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं देवाधिदेव दिगंबरा ।

मेरे आराध्य हो भक्ति साध्य हो श्रद्धा के बाध्य हो,
दीनानाथ हो लोकनाथ हो भक्तों के प्यारे नाथ हो,
वाचस्पति हो उमापति हो शिवशंकर जगतपति हो,
ममलेश्वर हो रामेश्वर हो रक्षक दुखहर्ता जगदीश्वर हो,
तारक उद्धारक अजर अमर प्रभंजन कल्याणकरा,
नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं देवाधिदेव दिगंबरा ।

कैलाशवासी हो अविनाशी हो ₹आनंद₹ सुख राशि हो,
औघड़दानी हो महादानी हो देव अमृत वरदानी हो,
विश्वनाथ हो अमरनाथ हो रोग निवारक वैद्यनाथ हो,
कपालेश्वर हो दक्षिणेश्वर हो संहारकर्ता महाकालेश्वर हो ।
दिव्यायुध पिनाकी भस्मशायी रूद्राक्ष रूद्र भयंकरा,
नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं देवाधिदेव दिगंबरा ।

जय जय जय महादेव शंभू देवाधिदेव शंकरा,
नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं देवाधिदेव दिगंबरा ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# छोडो शमार्ना अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल से करो आना- जाना

वि श्व भर में 3 जून को साइकिल दिवस मनाया जाता है। इसका निर्णय संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2018 में लिया गया था। इसको मनाने के पीछे अनेक कारण और उद्देश्य हैं। जहां एक और साइकिल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है वहीं दूसरी और प्रदुषण को नियंत्रित करने में बहुत बढ़ा योगदान सिद्ध हो सकता है। साइकिल के इतने अधिक लाभ हैं कि गिनने में बहुत अधिक समय का प्रयोग होगा। आओ हम इस पर चर्चा करते हैं कि साइकिल का प्रयोग किस प्रकार लाभदायक सिद्द हो सकता है।



आज चाहे छोटा बच्चा हो अथवा वृद्ध जो ठीक से ईंधन चलित वाहन में बैठ भी नहीं सकता वो आपको गाडी चलाता हुआ सड़क पर देखने को सामान्य रूप से मिल जाएगा। इतना ही नहीं ऐसे ऐसे बच्चे दुपहिया वाहन को चला रहे होते हैं जिनके पैर धरती पर ठीक से नहीं रखे जा रहे होते। आज से लगभग 30 वर्ष पूर्व सभी घरों में एक अथवा दो साइकिल अवश्य होती थी जिसका प्रयोग वे दैनिक कार्यों के लिए किया करते थे। सबसे बड़ी बात पुराने समय के लोग स्वस्थ रहते थे और उन्हें कोई व्याधि नहीं होती थी क्योंकि वे अपने सभी कार्य स्वयं करते थे और बहुत अधिक परिश्रम किया करते थे। जैसे कि हाथ पैर से अधिक परिश्रम करना, घर, खेत खलियान में कार्य करना। दूर दूर तक साइकिल का प्रयोग करके जाना। मेरे पिता एक सैनिक थे और वे 1962 से 1970 तक भारत-पाक सीमा पर नियुक्त थे, उन दिनों मेरे दादा और ताऊ करनाल से साइकिल चलाकर उन्हें मिलने जाया करते थे। यदि ये कहें कि साइकिल ही लोगों की सरल और सुखद सवारी हुआ करती थी तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं। साइकिल की सवारी करते समय कई बार एक ही साइकिल पर तीन लोग एक साथ बैठ कर यात्रा करते थे। लोग इतने ष्ट-पुष्ट होते थे कि एक व्यक्ति साइकिल पर दो अन्य व्यक्तियों को बिठाकर ले जा सकता था। मार्ग में चलते-चलते एक दूसरे से राम-राम और एक दूसरे के बारे लोग पूछा करते थे। इतना ही नहीं रात्रि में विश्राम के लिए अपने घर में ही ठहरा लिया करते थे। लोगों में एक दूसरे के प्रति प्रेम की भावना कूट कूट कर भरी हुई थी। साइकिल के साधन का एक सबसे बड़ा लाभ यह भी है कि इसमें तेल डलवाने की चिंता बिल्कुल नहीं, बस टायर में हवा पूरी हो और ब्रेक ठीक से काम करते हो तो चल गया काम। यदि साइकिल में पंक्चर भी हो जाए तो अधिक तनाव लेने की आवश्यकता नहीं क्योंकि इसको खींचना बहुत ही सरल है। और छोडो कैसे भी हो मार्ग साइकिल के लिए कोई समस्या नहीं। थोड़े से स्थान से साइकिल निकल जाती है और लम्बी चौड़ी सड़कों की इसे आवश्यकता नहीं। समय बदला, लोगों की सोच बदली, साइकिल का स्थान स्कूटर, फिर मोटर साइकिल और अब कार ने ले लिया। आज सबसे बड़ी बात यह है कि एक कार और एक ही व्यक्ति जो चला रहा है। सड़कों का विकास हुआ, सड़के चौड़ी की गयी, फिर चौड़ी की गयी लेकिन फिर भी सड़को पर गाड़ियों की बढ़ती ही जा रही है। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में घंटों जाम लगा रहता है। सरकार भी सड़के कहाँ तक चौड़ी करे। लोग सब्जी मंडी में सब्जी लेने भी कार से जाते हैं। इतना ही नहीं दो 100 मीटर की दुरी के लिए भी लोग ईंधन चलित वाहन का प्रयोग करते हैं कहते हैं कि समय नहीं है। वास्तव में लोगों की प्रवृति और सहनशक्ति क्षीण हो चुकी है। कुछ डग चलने में भी उनके स्वास फूलने लगते हैं। आज एक बहुत बड़ी संख्या प्रातः काल की सैर के लिए घर से कार लेकर चलते हैं और जिम में जाकर साइकिल चलाते हैं।

क्यूबा देश एक छोटा देश है और एक समय वहां की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण बहुत अधिक प्रदूषित हो गया था। एक बार वहां के राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो लुधियाना (भारत) आये और वहां से अपने देश के लिए कुछ हजार साइकिल आर्डर कर गए। अपने देश जाकर उन्होंने सुझाव दिया कि सभी कर्मचारियों की नियुक्ति 8 किलोमीटर के क्षेत्र में कर दी जाए और उन्हें एक-एक साइकिल उपलब्ध कराइ जाए ताकि वे कार्यालय साइकिल से आएं और जाए। इस प्रकार उन्होंने अपने देश की अर्थव्यवस्था को सुधार दिया था। इसके साथ ही वहां पर्यावरण में बहुत अधिक सुधार हुआ। हमें भी उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कुछ वर्षों पूर्व हरियाणा के गुरुग्राम सहित अनेक जिलों में सप्ताह में एक दिन साइकिल से सरकारी कार्यालयों में आने जाने की व्यवस्था हुई थी लेकिन थोड़े समय में ही वह बंद हो गई। इसी प्रकार कुरुक्षेत्र में भी प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा साइकिल रैलियां निकाल कर लोगों को साइकिल के साधन का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था और यह आज भी नियमित है। प्रेरणा समिति हरियाणा के संस्थापक डॉ. अशोक कुमार वर्मा (लेखक) आज भी केवल और केवल साइकिल का प्रयोग करते हैं। आज भी वे अपने साइकिल पर पट्टी लगाकर चलते हैं जिस पर लिखा होता है- साइकिल चलाओ, बीमारी भगाओ, स्वस्थ हो जाओ। छोडो अब शमार्ना, अच्छा स्वास्थ्य चाहिए तो साइकिल पर शुरू करो आना - जाना। पर्यावरण अगर है बचाना, तो चाहिए सबको, साइकिल चलाना। साइकिल चलाओ, प्रदुषण भगाओ। कार चलाये तब, अति जरुरी हो जब। अगर साइकिल हो हर घर, पुलिस चालान का नहीं फिर डर।

# पीसीओएस की है समस्या तो इंटरमिटेंट फास्टिंग फॉलो करते हुए इन टिप्स का रखें ख्याल

पीसीओएस होने पर आपके हॉर्मोन्स गड़बड़ा सकते हैं, इसलिए आपको बिना सोचे-समझे बहुत लंबे समय तक भूखा नहीं रखना चाहिए। कोशिश करे कि आप शुरूआत 12:12 या फिर 14:10 से शुरू करो। कुछ वक्त आप इसे धीरे-धीरे 16:8 कर सकते हो। आज के समय में लोग तरह-तरह की डाइट को फॉलो करने लगे हैं। ऐसी कई डाइट हैं, जो पूरी दुनिया में काफी ट्रेन्ड में हैं और इसलिए लोग इन डाइट्स को फॉलो करके अपनी हेल्थ में बदलाव देखने की उम्मीद करते हैं। इन्हीं में से एक है इंटरमिटेंट फास्टिंग। यह एक ऐसी डाइट है, जिसमें आपके खाने की टाइमिंग पर ज्यादा फोकस किया जाता है। इंटरमिटेंट फास्टिंग फॉलो करने से आपको बेमिसाल फायदे मिलते हैं। लेकिन इस डाइड को फॉलो करते समय आपको अपनी हेल्थ का भी पूरा ख्याल रखने की जरूरत होती है। मसलन, अगर आपको पीसीओएस है और आप इंटरमिटेंट फास्टिंग आजमाने का सोच रही हैं, तो आपको थोड़ा अतिरिक्त ध्यान रखना होगा। बस आपको अपने शरीर की सुननी चाहिए। अपने लिए सही फास्टिंग टाइम चुनें और ऐसी फूड्स खाएं, जो ब्लड शुगर को स्टेबल रखें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि पीसीओएस में इंटरमिटेंट फास्टिंग फॉलो करते समय आपको किन बातों का ख्याल रखना चाहिए-



**सही फास्टिंग टाइम को चुनो:** पीसीओएस होने पर आपके हॉर्मोन्स गड़बड़ा सकते हैं, इसलिए आपको बिना सोचे-समझे बहुत लंबे समय तक भूखा नहीं रखना चाहिए। कोशिश करे कि आप शुरूआत 12:12 या फिर 14:10 से शुरू करो। कुछ वक्त आप इसे धीरे-धीरे 16:8 कर सकते हो। इसलिए, पहले अपनी बॉडी की सुनो, दूसरों को कॉपी करने की जरूरत नहीं।

**खाने पर दें ध्यान:** भले ही आप इंटरमिटेंट फास्टिंग कर रही हैं तो आपको सिर्फ टाइमिंग पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि खाने में भी हेल्दी चीजें रखो। इसमें आप गुड प्रोटीन जैसे अंडा, पनीर, दाल, चिकन, मछली, और मेवे को शामिल करें। साथ ही, हेल्दी फैट्स जैसे एवोकाडो, मेवे, बीज, ऑलिव ऑयल व फाइबर वाले सब्जियां और होल ग्रेन्स जैसे ब्राउन राइस, जई, क्विनोआ का सेवन करें। साथ ही, मीठा और मैदा का सेवन कम से कम करने की कोशिश करें।

**दिनभर खूब पानी पीते रहो:** इंटरमिटेंट फास्टिंग करते हुए भी आपको भरपूर मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए। भले ही आप फास्टिंग पीरियड में हैं तो ऐसे में आप पानी को अवॉयड ना करें। इसके अलावा, आप पानी के साथ-साथ हर्बल चाय, नींबू पानी या बिना शक्कर वाली ब्लैक कॉफी भी फास्टिंग में पी सकते हैं। पानी से भूख भी कम लगती है और फ्रेश महसूस होता है।

# मिल्कीपुर में ऑपरेशन सिंदूर की गाथा को गूंजायमान करती विशाल तिरंगा यात्रा

वेलकम इंडिया

**मिल्कीपुर अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी विधायक चंद्रभानु पासवान के नेतृत्व में नगरपंचायत कुमारगंज में ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा देशभक्ति के जोश और उत्साह से भरी रही, जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय लोग और भाजपा समर्थक शामिल हुए। यात्रा के दौरान 40 मीटर लंबे तिरंगे को लेकर चल रहे कार्यकताओं और नागरिकों ने भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से पूरे क्षेत्र को गूंजायमान कर दिया




तिरंगा यात्रा की शुरूआत नगरपंचायत कुमारगंज के खण्डासा मोंड़ से हुई, जहां साउंड सिस्टम पर देशभक्ति गीत ₹मेरा रंग दे बसंती चोला₹ की धुन गूंज रही थी। इस गीत ने उपस्थित लोगों में जोश और उत्साह का संचार किया। कार्यकर्ता और स्थानीय लोग हाथों में तिरंगा और भारतीय सेना के समर्थन में तख्तियां लिए हुए थे, जो ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सैनिकों के पराक्रम को दर्शा रही थीं। यात्रा में शामिल लोग उत्साह से लबरेज थे और पूरे रास्ते देशभक्ति के नारे लगाते रहे। यात्रा का मुख्य आकर्षण 40 मीटर लंबा तिरंगा रहा, जिसे कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने गर्व के साथ कंधों पर उठाकर पूरे नगर में भ्रमण किया। इस विशाल तिरंगे ने न केवल देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित किया, बल्कि क्षेत्र में एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश भी दिया। यात्रा के दौरान लोगों ने ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम₹ के नारों के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को सेना के साहस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का प्रतीक बताया।इस तिरंगा यात्रा में मिल्कीपुर के भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान के साथ-साथ कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। यात्रा के दौरान विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा, ₹ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य और हमारे देश की एकता का प्रतीक है। यह यात्रा न केवल हमारे सैनिकों के सम्मान में है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि हमारा देश अपनी संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार है।₹ उन्होंने कार्यकताओं और स्थानीय लोगों से अपील की कि वे इस गौरवमयी क्षण को जन-जन तक पहुंचाएं और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करें। यात्रा में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, मंडल अध्यक्ष श्याम नारायण पाठक, कुमारगंज मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र मौर्य, अमानीगंज मंडल अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता बंशीधर शर्मा, चंद्रबली सिंह, विजय कुमार उपाध्याय, और अर्जुन सिंह सुनील पासवान तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयस त्रिपाठी, थाना अध्यक्ष कुमारगंज ओमप्रकाश, प्रभारी निरीक्षक खण्डासा संदीप सिंह,चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय अभय सिंह, चौकी प्रभारी चिलबिली आशी सिंह सहित भारी सख्या में लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने अर्पित वर्मा को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के बढ़ते दायरे को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष मुस्तकीम अहमद ने अर्पित वर्मा को जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया है

उन्होंने विश्वास जताया है संगठन को शीघ्रता से मजबूती के साथ आगे बढ़ाते हुए अर्पित वर्मा संगठन के हित में कार्य करेंगे जिला संगठन मंत्री बिजनौर बनाए जाने पर अर्पित वर्मा ने बताया कि संगठन के प्रति विश्वास निष्ठा के साथ संगठन की नीतियों पर चलकर समाज को मार्गदर्शन करने के लिए चेताया जाएगा ताकि संगठन की सैद्धांतिक सोच और कदम निरंतर आगे बढ़ते रहें।



इस मौके पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के कार्यकताओं व पदाधिकारीयों ने जिला अध्यक्ष मुस्तकीम अहमद व नव नियुक्त जिला संगठन मंत्री अर्पित वर्मा को बधाई दी है।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकाल की तैयारी



गुलजार आलम वेलकम इंडिया

**रामपुर।** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकाल की तैयारी को लेकर मास्टर योगा ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सैना द्वारा जिले के योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. हरिओम ने बताया कि 10,11 और 12 जून को तीन दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रौशन बाग पार्क, लोहिया पार्क, अंबेडकर पार्क, श्री गुरू गोविंद सिंह पार्क एवं किला मैदान में सभी योग प्रशिक्षकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकाल के तहत सुबह साढ़े सात से साढ़े आठ बजे तक योग अभ्यास कराया जायेगा। आयुष विभाग के इस योग शिविर का लाभ उठाये। इस मौके पर जिला कार्यम प्रबंधक प्रेम कुमार मौर्य, योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, उमेश चन्द्र, राजीव कुमार प्रजापति, सोनू चैहान, अंशु सक्सैना, भूपराम आदि मौजूद थे।

## दो लोग घर में घुसकर वैंटरा व गेहूं का कट्टा चोरी कर ले गए

**शिकारपुर।** थाना सलेमपुर क्षेत्र के गाँव रसूलपुर में दो लोगों ने घर में घुसकर वैंटरा व गेहूं से भरा कट्टा चुरा लिए। पीड़ित ने थाने में दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। संजीव चौधरी पुत्र रामवीर सिंह ग्राम रसूलपुर ने दी तहरीर में बताया कि 31 मई को मेरे घर पर केशव पुत्र धनेंद्र व राकेश पुत्र रामवीर सिंह निवासी गण रसूलपुर आए और मेरे भाई के साथ घर पर बैठे मैं कहीं काम करने गया था मेरा भाई किसी काम से बाहर चले गए। आरोपित है कि दोनों ने मेरे घर में लगे बैटरा व गेहूं से भरा कट्टा निकाल कर मोटरसाइकिल पर निकल रहे थे। उसी समय में खेत से वापस आया तो देखा कि बैटरा व गेहूं का कट्टा चोरी करके ले गए। जाते समय मेंने रुकने को कहा तो नहीं रुके। थाना अध्यक्ष लोकेश अग्निहोत्री ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## थाना गज बिजली घर व डूंगरपुर बिजली घर क्षेत्र में विद्युत चोरी थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं

गुलजार आलम वेलकम इंडिया

**रामपुर।** थाना गज व डूंगरपुर बिजली घर क्षेत्र में विद्युत चोरी थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। जब अवर अभियंता ही खुले अल्फाजों मे कह रहे हो कि हम बिजली चोरी नहीं रोक पायेंगे।



थाना गंज व डूंगरपुर के अवर अभियंता नागेन्द्र प्रसाद से जब बिजली चोरी को लेकर बातचीत हुई तो उन्होने साफ शब्दों में बोल दिया कि बिजली चोरी नहीं रूक पायेंगी। हम बिजली चोरों के खिलाफ कार्यवाही करते है और फिर से कटिया डाल कर बिजली चोरी करने लगते हैं। जेई के इस बयान के बाद बिजली चोरों की हिम्मत बढ़ना तय माना जा रहा हैं। जेई साहब के पास दो-दो बिजली घरों का चार्ज हैं और दोनो ही बिजली घर क्षेत्रों में लाइन लॉस 40 से 45 प्रतिशत हर माह होता हैं जिससे विभाग को हर माह लाखों का राजस्व नुकसान उठाना पड़ता हैं। अवर अभियंता न तो इस गर्मी में लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति दे पा रहे हैं और न ही राजस्व वसूली मजबूती से कर पा रहे हैं। इस माह भी दोनो बिजली घर क्षेत्रों में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व पूरा नहीं हो पाया। वहीं बिजली चैकिंग के नाम पर जो कुछ उक्त दोनो बिजली घर क्षेत्रों में होता हैं वह किसी से छुपा हुआ नहीं हैं। वहीं इस मामले में एसडीओ प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि दोनो बिजली घर क्षेत्रों में राजस्व वसूली काफी हद तक ठीक हैं इसके अलावा जिन क्षेत्रों में चोरी अधिक होती थी उन क्षेत्रों में विद्युत बाक्सों को सील कर दिया गया हैं ताकि उन बाक्सों से बिजली चोरी न की जा सकें।

# भाकियू चैधरी की मासिक बैठक का आयोजन

गुलजार आलम वेलकम इंडिया

**रामपुर।** भाकियू चैधरी की मासिक बैठक का आयोजन ग्राम खाता चिंतामन में राहिल रजा के आवास पर किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अकीला सिद्दीकी ने कहा कि किसान हित व सामाजिक विकास कार्य के मुद्दों को संगठन प्राथमिकता से उठायेगा और किसी भी सूरत में किसान के हितों का हनन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिलाध्यक्ष इमरान बाबा ने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों और पदाधिकारी आपस में मिलकर एक दूसरे से मजबूत संबंध बनाये। संगठन को सभी साथ लेकर चले आपस में कोई मतभेद न रखे तभी संगठन जिलेभर में मजबूत होगा और किसान,



मजदूर की मजबूत आवाज बनेगा। आपसी मतभेद संगठन को कमजोर करने का काम करते हैं। सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती को समझे औश्र किसानों की समस्याओं पर ध्यान केन्द्रित करें। बैठक में महेन्द्र पाल सिंह, राजीव कुमार राजपूत, वेदराम शर्मा, शोएब रजा, साजिद, भूरा, राजपाल सिंह, जमीला बेगम, सचिन, तुलाराम, फरहान हैदर, सूफियान हैदर, जाकिर मियां आदि मौजूद थे।

# रोहतक-हिसार के बीच नयी सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की मांग पर रेल मंत्रालय आया हरकत में

वेलकम इंडिया

**हांसी । मनमोहन शर्मा।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रोहतक-हिसार के बीच नयी सुपरफास्ट रेलगाड़ी चलाने की मांग की थी। जिसपर रेल मंत्रालय हरकत में आया और रेल मंत्री ने रोहतक-हिसार सुपरफास्ट रेलगाड़ी का परिचालन किये जाने के लिए संबंधित निदेशालय को आवश्यक निर्देश दिए। इसकी जानकारी उन्होंने पत्र के माध्यम से सांसद दीपेन्द्र हुड्डा को दी है। दीपेन्द्र हुड्डा ने रेल मंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा कि रोहतक और हिसार के बीच एक सुपरफास्ट ट्रेन सेवा की तत्काल आवश्यकता है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने विश्वास जताया कि जल्दी ही ये ट्रेन सेवा शुरू होगी। उन्होंने कहा कि रोहतक-हिसार रेलमार्ग पर नयी सुपरफास्ट रेलगाड़ी का परिचालन शुरू होने से बेहतर रेल सेवाएँ क्षेत्र के आर्थिक, शैक्षिक और वाणिज्यिक विकास में योगदान देंगी। इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री, जिनमें छात्र, व्यापारी, कार्यालय जाने वाले और अन्य नागरिक शामिल हैं, यात्रा करते हैं। इस रूट पर मौजूदा रेल सेवाएँ सीमित हैं, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा होती है। इस मार्ग पर सुपरफास्ट ट्रेन शुरू करने से न केवल रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा, बल्कि यात्रा का समय भी कम होगा और लोगों को अधिक प्रभावी व आरामदायक आवागमन का विकल्प मिलेगा।

# खीरी चौकी पर कानून व्यवस्था को लेकर भारी साधना यादव का शक्ति प्रदर्शन, देर रात दुकानों पर मारी छापेमारी

वेलकम इंडिया




**लखीमपुर खीरीः** कस्बा खीरी में कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से खीरी चौकी पर तैनात तेजतर्रार महिला उपनिरीक्षक साधना यादव ने रविवार की रात अपनी टीम के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए नगर में देर रात तक खुली रहने वाली दुकानों और वहां जुटने वाले जमावड़े पर सख्त रुख अपनाया। देर रात खुद गश्त पर निकलीं उपनिरीक्षक साधना यादव ने नगर के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर कई दुकानों पर छापेमारी की और निर्धारित समय के बाद दुकानें खुली रखने पर दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तय समय के बाद कोई भी दुकान खुली मिली तो संबंधित व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, ह्लकस्बे में किसी भी प्रकार की अराजकता और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौकी क्षेत्र में हाल के दिनों में असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए गश्त को और प्रभावी बनाया गया है। यह कार्रवाई विशेष रूप से महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। उपनिरीक्षक साधना यादव ने दो टूक चेतावनी दी कि छेड़छाड़ या उत्पीड़न जैसे मामलों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, रास्ते में महिलाओं से बदसलूकी करने वाले शरारती तत्व अब सावधान हो जाएं। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि अन्य को भी सख्त संदेश मिले। इस पूरी कार्रवाई में खीरी चौकी के जांबाज सिपाही रजनीश सिंह, दीपक कुमार, अवनीश कुमार, जगदीश प्रसाद यादव और गोविंद पाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी तत्परता और सहयोग से यह अभियान और भी प्रभावी सिद्ध हुआ स्थानीय नागरिकों ने इस सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की सतर्कता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बेहतर होगा और आम जनमानस का पुलिस पर भरोसा और भी मजबूत होगा।

# थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर/** बकरी ईद गंगा दशहरा को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार ने रामघाट थाना प्रांगण में ग्राम प्रधान तथा धर्मगुरु समाज सेवियों की बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की तथा और किसी असामाजिक तत्व ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो होगी सख्त करवाई

बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित ने बैठक में आए लोगों की जन समस्या को सुनकर थाना प्रभारी को हल करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बकरी ईद के विषय में मुस्लिम समाज के लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि खुले में कोई कुबार्नी नहीं करेगा उनके अवशेषों को खुले में ना फेंक कर गड्ढा खोद का जमीन में दफन किया जाए तथा मीठ को गुप्त ढक कर कहीं को ले जाया जाए प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी



उन्होंने गंगा दशहरा गंगा स्नान को लेकर ग्राम प्रधान लक्षमन शर्मा से जानकारी लेते हुए गंगा घाट पर सीसीटीवी कैमरा गोताखोर स्टीमर नाव लाइट नहर पर वाहन पार्किंग आदि व्यवस्था करने के लिए थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए हैं।

बैठक में थाना प्रभारी भुवनेश कुमार सिंह एस आई ज्ञानेंद्र सिंह सुनील कुमार भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव जयपालसिंह गौतम ग्राम प्रधान पति लक्ष्मण शर्मा महेंद्रसिंह प्रधान अमित कुमार रविंद्र कुमार यादव इंद्रपाल सिंह यादव दुर्गेश शर्मा उपेंद्र गौड अशरफ उर्फ गुड्डू खां अनुज कुमार मित्तल बीडीसी गुड्डू खां महेश पाठक शिवशंकर आदि लोग उपस्थित रहे।

# ईद-उल-अजहा को लेकर खीरी पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की अहम बैठक संपन्न

मोहम्मद असलम

**लखीमपुर खीरीः** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने के उद्देश्य से सोमवार को खीरी पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ (क्षेत्राधिकारी) समेश कुमार तिवारी ने की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी श्री विनीत कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक श्री विवेक उपाध्याय, चौकी प्रभारी साधना यादव सहित नगर के अन्य कर्मचारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। नगर के सम्मानित नागरिकों, समाजसेवियों, नगर पंचायत के सदस्यगण और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लेकर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की। बैठक में चेयरपर्सन



प्रतिनिधि फहीम अहमद के भाई अतीक अहमद, पूर्व चेयरपर्सन श्री गुफरान अहमद,सईद एडवोकेट, सदस्य गण और बकरीद के अवसर पर कुबार्नी कराने वाले विभिन्न मदरसों के जिम्मेदार लोग भी मौजूद रहे। इन सभी ने प्रशासन के साथ मिलकर त्योहार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से मनाने का संकल्प दोहराया। बैठक में मुख्य रूप से बकरीद के अवसर पर कुबार्नी को लेकर विशेष दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई। सीओ समेश कुमार ने कहा कि त्योहार सभी समुदायों के आपसी भाईचारे और शांति का प्रतीक होता है। उन्होंने सभी से अपील की कि कुबार्नी के समय कानून व्यवस्था का पालन करें और सार्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी न करें, कुबार्नी बंद में ही करें। शासन की गाइडलाइन का पालन करें। कुबार्नी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर ना डालें साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय ने बताया कि त्योहार के दिन नगर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने अफवाहों से बचने और किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया।कुबार्नी का वीडियो बनाकर कतई वायरल न करें उन्होंने कहा कि बकरीद से एक दिन पहले भी एक मीटिंग की जाएगी। अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार ने नगर निकाय की ओर से सफाई, कूड़ा निस्तारण और ड्रेनेज व्यवस्था को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी दी। साथ ही सभी कर्मचारियों को त्योहार के दौरान मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। चौकी प्रभारी साधना यादव ने नागरिकों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही। पूर्व चेयरमैन गुफरान अहमद ने बैठक के दौरान कहा कि कुबार्नी बंद स्थानों पर ही की जाए और खून को नालियों में न बहाया जाए। उन्होंने लोगों से स्वच्छता और नियमों का पालन करने की अपील की। बैठक में मौजूद नगर के सभ्रांत नागरिकों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि वे बकरीद को पूरी गरिमा व शांति के साथ मनाएंगे और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह बैठक न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम साबित हुई, बल्कि प्रशासन व जनता के बीच आपसी सहयोग की भावना को भी मजबूत करने का कार्य किया।

खीरी पुलिस की यह पहल समाज में शांति, सद्भाव और विश्वास कायम रखने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

# अग्रवाल समाज के चुनाव में पीयूष रंजन बने अध्यक्ष, अभिषेक मित्तल महामंत्री, डॉ. नीरज की करारी हार

वेलकम इंडिया

प्रयागराज में अग्रवाल समाज के चुनाव में पीयूष रंजन अग्रवाल गुट ने एकतरफा जीत हासिल की है। 28 में से 27 पद पीयूष रंजन गुट को मिले। अध्यक्ष पद पर जहां पीयूष रंजन निर्वाचित हुए तो वहीं महामंत्री पद पर अभिषेक मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोज अग्रवाल निर्वाचित हुए। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद पर मनीष गोयल एवं सहकोषाध्यक्ष पद पर मुकेश अग्रवाल विजयी रहे।

अग्रवाल समाज के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के लिए काम करने का जो संकल्प लिया था उसको फिर दोहराया है। कहा कि संकल्प पत्र में जो वादे किए गए हैं उसको हर हाल में पूरा किया जाएगा। अधिक के अधिक सदस्य बनाकर लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा और उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल- घर-घर जाकर प्रचार किया और मौका देने का आग्रह किया, जिस पर समाज के लोगों ने विश्वास करके हमारी टीम को काम करने का मौका दिया है। हम अपने संकल्प पत्र को पूरा करके दिखाएंगे। संकल्प पत्र पर अमल का काम भी शुरू हो गया है। तीन जून को होने वाली नई कार्यकारिणी की पहली बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के लिए आठ कमेटी का गठन किया जाएगा। इसमें भवन निर्माण कमेटी, सदस्यता अभियान कमेटी, समाज के युवक-युवतियों की शादी के लिए कमेटी, अग्रसेन जयंती की कमेटी, मेडिकल सुविधा और एंबुलेंस आदि के लिए कमेटी बनेगी। कहा कि अग्रवाल धर्मशाला के लिए जमीन चिन्हित की गई है। कमेटी में प्रस्ताव रखा जाएगा, जो सर्व सम्मति से निर्णय होगा उस पर अमल किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल- संकल्प पत्र को लागू करने के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाएंगे। अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देते हुए कार्य करेंगे। बुजुर्ग आश्रम और वृद्धाआश्रम बनाने की योजना है। जो किसी कारण परिवार में रहते हैं वह हमारे साथ मिलकर कार्य करेंगे। अनुभव का लाभ लेने का प्रयास करेंगे। महामंत्री अभिषेक मित्तल- हम लोग तीन दशक से कार्य कर रहे हैं। कुछ लोग हमेशा समाज से दूर रहे और अचानक आकर चुनाव मैदान में उतर गए।




# प्रशिक्षु लेखपाल की तहसील परिसर से बाइक चोरी

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर/बुलंदशहर/** शिकारपुर तहसील परिसर में सोमवार दोपहर को प्रशिक्षु लेखपाल आकाश की बाइक खड़ी थी जिसको बैखौफ नकाबपोश चोर बाइक को चुरा कर फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकारपुर तहसील परिसर में खड़ी प्रशिक्षु लेखपाल की स्प्लेंडर प्लस बाइक को चोर चुरा ले गया लेकिन बाइक सवार चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

उधर इस घटना से लेखपाल आकाश ने एसडीएम दीपक कुमार पाल को अवगत कराया तथा इस संबंध में लिखित तहरीर कोतवाली शिकारपुर में दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। शिकारपुर तहसील से बाइक चोरी का मामला पहला नहीं है इससे पहले भी कई बाइक चोरी हो चुकी है पिछले वर्ष शिकारपुर तहसील के लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष हरीश कुमार की बाइक भी चोरी हुई थी लेकिन उसका आज कोई सुराग नहीं लगा है। जब इस संबंध में शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्दगीराम से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया है कि पीड़ित लेखपाल की तहरीर प्राप्त हुई और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज सामने आई है जिसके आधार पर बाइक चोर को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा जल्द ही बाइक सवार चोर को गिरफ्तार किया जाएगा।

# अंतर्जनपदीय अपराधियों से हुई पुलिस मुठभेड़ में एक को लगी पैर में गोली साथ ही तीन साथी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**कैसरगंज/ बहराइच।** थाना फखरपुर के ग्राम भकला में पुलिस और अंतर्जनपदीय गैंग के अपराधियों में हुई मुठभेड़,एक अपराधी के पैर में लगी गोली और उसके तीन साथी अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।आज दिनांक 02.06.2025 थाना फखरपुर को जरिये मुख बीर सूचना मिली कि ग्राम भकला के गाँधी घाट में 04 चोरो द्वारा बीती रात हुई चोरी के समान का बंटवारा किया जा रहा है औ? पुनः चोरी की योजना बना रहे है । इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना फखरपुर मय स्वाट टीम के साथ ग्राम भकला के गाँधीघाट पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर , चोरों को चारो तरफ से घेरकर कर दबिश दी, पुलिस से घिरे अभियुक्त गणों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा जवाबीय आत्मरक्षा हेतु की गई फायरिंग से एक अभियुक्त रज्जब अली पुत्र सुबराती निवासी मौसण्डी थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी के पैर में गोली लग गई ।इस मौके का फायदा उठाकर पुलिस टीम द्वारा दौड़कर तीन और अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया ।जिन्होंने पुलिस पूछताछ पर अपना नाम पता १-अबरार पुत्र नजर मोहम्मद निवासी मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी २-तसव्वुर पुत्र अली हुसैन निवासी कैसरगंज जिला बहराइच ३-त्रिलोकी पासवान पुत्र रामखेलावन निवासी महमूदाबाद जनपद सीता पुर बताया ।इन अभियुक्त गणों के पास से 02 अदद तमंचा 12 बोर , दो अदद फायर शुदा कारतूस 12 बोर , 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर और चोरी के समान ,सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात व चोरी करने के उपकरण और दो अदद मोटर साईकिल मौके से बरामद किया गया है । सभी अभियुक्त पुलिस हिरासत में है व घायल अभियुक्त रज्जब अली उपरोक्त को उपचार हेतु उल्ठउ फखरपुर रवाना किया गया है ।

# नवागत थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने पत्रकारों के साथ की बैठक

वेलकम इंडिया



**शुकुल बाजार अमेठी।** शुकुल बाजार के नवागत थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने कार्यभार संभालते हुए सर्वप्रथम पत्रकारों के साथ बैठक करते हुए अपनी मंशा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि थाने आने वाले फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार किया जाएगा, पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से त्वरित निस्तारण किया जाएगा। साथ ही साथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखना प्रमुख उद्देश्य है। ला एंड ऑर्डर मजबूत रहे इसके लिए बेहतर ढंग से कार्य किया जाएगा, शासन की मंशा के अनुरूप पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय उपलब्ध हो इसके लिए कार्य किया जा रहा है और किया जाएगा। अपराधी कितना भी ताकतवर क्यों ना हो उसे बक्शा नहीं जाएगा, हर आपराधि एवं अपराधिक घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी तथा पत्रकारों व्यापारियों व आम नागरिक की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए शुक्ल बाजार पुलिस वचनबद्ध है। हम आपकी सेवा में 24 घंटे तत्पर हैं। उन्होंने पत्रकार बंधुओ से अपील करते हुए कहा कि किसी प्रकार की भ्रामक खबर ना फैलाएं और ना फेलने दे किसी प्रकार की कोई भी सही जानकारी लेने के बाद ही कोई खबर प्रकाशित करें, उन्होंने कहा कि हम आप सबके सहयोग के लिए समर्पित हैं किसी प्रकार की किसी को कोई जानकारी चाहिए हमसे 24 घंटे कभी भी पूछ सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया बेहद ही महत्वपूर्ण कड़ी है आप सभी के माध्यम से लोगों को समाचार का आदान-प्रदान होता है ऐसे में अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाये।

# ऑपरेशन सिंदूर के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी एवं काव्य चकल्लस का आयोजन हुआ



वेलकम इंडिया

**प्रयागराज ::** संगम महा आरती एवं जय त्रिवेणी जय प्रयाग आरती समिति के द्वारा पराक्रमी भारतीय सेना के द्वारा पापी पाकिस्तान के ऊपर आक्रमण कर उसके आतंक की पढ़ाई करवाने वाले आतंकी नर्सरी कहे जाने वाले ठिकानों पर हमला कर उन्हें नष्ट करने के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी एवं काव्य चकल्लस का आयोजन किया गया है समिति के अध्यक्ष प्रदीप पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कवि गौरव चौहान , श्लेष गौतम ,अनंत श्रीवास्तव, प्रीति पांडेय के द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा

समिति के मीडिया प्रभारी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि जिस प्रकार से हमारी सेना ने पराक्रम दिखा कर पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है इसीलिए हमारी सेना को कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष अनुराधा त्रिपाठी ,रौशनी अग्रवाल ,नीरज अग्रवाल सुमित वैश्य एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम विशाल पौधारोपण कार्यक्रम 05 जून को

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर, राजस्थान। 02 जून, 2025 ।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर, प्रथम आरएसी बटालियन, जौधपुर एवं जिला पुलिस बाड़मेर के संयुक्त तत्वावधान में थार नगरी, बाड़मेर शहर में अरिहन्त नगर के पास स्थित प्रथम आरएसी बटालियन कैम्प परिसर में 05 जून गुरूवार को प्रातः 8.30 बजे जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीणा, कम्पनी कमाण्डर संजय चौहान एवं संस्थान अध्यक्ष व पर्यावरण कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन सहित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम विशाल पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा । संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि थार नगरी, बाड़मेर को ग्रीन बाड़मेर, क्लीन बाड़मेर बनाने को लेकर संस्थान की ओर पिछले कई वर्षों से लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। जिस कड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में 05 जून को प्रातः 8.30 बजे जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर, प्रथम आरएसी बटालियन, जौधपुर एवं जिला पुलिस बाड़मेर के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम विशाल पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें बड़ी संख्या में पौधारोपण के साथ-साथ पर्यावरण कार्यकताओं को सम्मानित किया जायेगा।

# रिया मावी बनी इनकम टैक्स इंस्पेक्टर

वेलकम इंडिया



लोनी की राम पार्क विस्तार कॉलोनी निवासी रिया मावी के इनकम टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर बनने पर भाजपा नेता ईश्वर मावी ने उनके घर जाकर बधाई दी।

बता दें कि रिया मावी का परिवार बुलंदशहर के गांव जौली का रहने वाला है उनके पिताजी चमन मावी और ताऊ विनोद प्रधान 26 वर्ष पहले गांव से आकर लोनी की राम पार्क विस्तार कालोनी में बस गए थे। रिया मावी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलतराम कॉलेज से बीएससी और हंसराज कॉलेज से एमएससी की पढ़ाई की है। रिया मावी के पिता चमन मावी ने बताया कि रिया मावी उनके तीन बच्चों में सबसे बड़ी हैं रिया मावी ने वर्ष 2020 में दिल्ली पुलिस कांस्टेबल, वर्ष 2022 में एसएससी सीएचएसएल और 2022 में ही एसएससी सीजीएल पीएसए की परीक्षा पास की थी लेकिन उन्होंने किसी भी पद पर नियुक्ति नहीं ली। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2023 में फिर एसएससी सीजीएल की परीक्षा दी जिसमें उन्हें इनकम टैक्स असिस्टेंट के पद पर नियुक्ति मिली रिया मावी ने इनकम टैक्स असिस्टेंट के पद पर रहते हुए वर्ष 2024 में एक बार फिर से एसएससी सीजीएल की परीक्षा दी और उसमें सफलता हासिल कर वह अब दिल्ली में इनकम टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर बनीं हैं। रिया मावी ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य आईएएस बनना है जिसके लिए उन्होंने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। रिया मावी के इनकम टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर बनने पर उनके परिवार के साथ साथ लोनी क्षेत्र के लोगों में भी खुशी का माहौल है। भाजपा नेता ईश्वर मावी ने कहा कि लोनी क्षेत्र की बेटियां प्रशासनिक सेवाओं में पहुंच कर अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन रही हैं उन्होंने रिया मावी और उनके माता पिता को बधाई दी और फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें सम्मानित किया।

# बहन की डोली से पहले उठा भाई का जनाजा

वेलकम इंडिया



**पहासू (बुलंदशहर)।** क्षेत्र के सुरजावली गांव में दोपहर के समय ट्रैक्टर ट्रॉली ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार 16 वर्षीय रिहान की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा साजिद गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको पुलिस ने पहासू सीएचसी० में भर्ती कराया। गुस्साए परिजनों ने शव को रखकर पहासू रोड पर जाम लगाने का भी प्रयास किया। वहीं शिकारपुर थाना क्षेत्र के चैनपुरा निवासी साजिद ने बताया कि वह गांव में ही इन्वर्टर व बैटरी ठीक करने का कार्य करते हैं। सोमवार को उनके साथ में काम करने वाले साथी कल्लन के बेटे रिहान (16) को पहासू नगर में कुछ काम से जाना था। नाबालिग होने के चलते रिहान ने साजिद से अपने साथ चलने के लिए कहा। तो दोनों बाइक पर सवार होकर पहासू पहुंचे। इसके बाद अपना काम कर दोपहर को दोनों वापस अपने गांव जाने लगे। जब वह सुरजावली गांव के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सामने से बाइक में टक्कर मारी जिसमें बाइक के पीछे बैठा रिहान उछल कर ट्रैक्टर के सामने गिर गया।

# पूर्वोत्तर हिन्दी अकादमी शिलांग में हिन्दी साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित हुए प्रयागराज के शंखधर दम्पति

वेलकम इंडिया



शिलांग -पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी शिलांग द्वारा 19वें लेखक मिलन शिविर आयोजित किया गया।त्रिदिवसीय राष्ट्रीय हिंदी विकास कार्यक्रम शिलांग में 30 मई से 01 जून को किया गया।इसमें 18 राज्यों से लगभग 110 हिंदी विद्वान, कवि और लेखक शामिल हुए। प्रयागराज से डॉ. व्रजेश कुमार शंखधर और उनकी पत्नी डॉ. मधु शंखधर स्वतंत्र को हिन्दी साहित्य शिरोमणि सम्मान प्राप्त हुआ।सम्मेलन में पूर्वोत्तर के सात राज्यों में हिंदी भाषा के विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार - विमर्श हुआ। त्रिदिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस कवि सम्मेलन हुआ जिसकी अध्यक्षता मेघालय के राज्यपाल के सचिव आइ ए एस डॉ .बी डी तिवारी तथा द्वितीय दिवस शोध पत्र वाचन हुआ। शोध पत्र का विषय था साहित्य में प्रेम व सद्भावना के प्रसंग पर डॉ व्रजेश शंखधर व डॉ . मधु शंखधर स्वतंत्र ने अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। जिसकी अध्यक्षता मिजोरम विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ सुशील शर्मा द्वारा, स्वागत डॉ. शान्ति स्याल तथा धन्यवाद संस्था के सलाहकार डॉ. मदन मोहन शंखधर द्वारा किया गया। राष्ट्रीय हिन्दी विकास सम्मेलन व लेखक मिलन समारोह में देश के विभिन्न प्रांतों से आए कवियों एवं लेखकों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अपनी प्रतिक्रिया दिए। तृतीय दिवस रविवार को शैक्षिक भ्रमण के अन्तर्गत एलिफेंटा पार्क,चेरापूंजी मौसमाई गुफा, इको पार्क आदि स्थान पर सभी गए।हिन्दी साहित्य अकादमी एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था है जिसका इससे पूर्व का आयोजन भूटान में हुआ था। विगत कई वर्षों से इस लेखक मिलन शिविर का सफल आयोजन डॉ. अकेला भाई के कुशल निर्देशन में हो रहा है।

# मानसून के दौरान शहर में नहीं होनी चाहिए जलभराव की समस्या-एडीएम

वेलकम इंडिया




**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित) ।** बिजली, पानी, चिकित्सा सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुआ। उन्होंने आयुक्त नगर परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून आनेवाला है, जिन नालों की सफाई का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है उनको शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण कर सफाई कराना सुनिश्चित करें एवं नगर परिषद क्षेत्र में सफाई कराने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। नोडल अधिकारियों से नालों की सफाई कार्य की प्रतिदिन रिपोर्ट लेना सुनिश्चित करें। नगर परिषद क्षेत्र में जहां भी अतिक्रमण किया हुआ है उसको चिन्हित करते हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्यवाही करें। मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या वाले स्थानों को चिन्हित कर जिम्मेदार कार्मिकों की नियुक्ति की जाये। जलभराव की निकासी के लिए पूर्ण व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी को निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति के लिए जीपीएस के साथ जिन टैंकरों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति के लिए लगाए गए हैं वह टैंकर पानी से पूर्ण भरे हुए होने चाहिए, इसकी निगरानी रखा जाना सुनिश्चित करें। पेयजल आपूर्ति के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाने वाले टैंकरों की सूचना आमजन को पहले ही दिया जाना सुनिश्चित करें। अवैध जल कनेक्शन करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जले हुए ट्रांसफार्मरों को तय समय सीमा के अन्दर बदला जाये। ढीले तारों को टाईट करें एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए किसी प्रकारी की कटौती न करते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाये।

## परशुराम की जयकारों से गूंजी तलहटी

# गोवर्धन में धूम धाम से निकली भगवान परशुराम शोभायात्रा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज महाराज की नगरी में भव्य परशुराम शोभायात्रा धूम धाम से निकली गई। शोभायात्रा में दशकों के अंतराल के बाद विप्रो का सैलाब देखने को मिला।

रविवार शाम दसविसा स्थित दानबिहारी के बाड़े में शोभायात्रा महोत्सव का शुभारंभ हनुमान बाग के मंहत सियाराम दास महाराज, संत देवकीनंदन दास, फरसा वाले बाबा, व विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने परशुराम जी के छवि चित्र की आरती उतार कर किया। कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, व विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम जी की स्थापना के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक मेघश्याम सिंह ने परशुराम मंदिर निर्माण की बात पर नगर पंचायत चेयरमैन के प्रस्ताव पर हर संभव कार्य कराने का आश्वासन दिया। देर शाम दर्जनों झांकियों व जीवंत झाकियों के साथ बैंड बाजों के बीच दसवीसा से भव्य शोभायात्रा शुरू हुई तो वातावरण भगवान परशुराम जी के जयकारों से गूंज उठा। पग पग पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर आरती उतार कर स्वागत किया। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में हाथों में फरसा लेकर उपस्थित युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में बुजुर्गों और अतिथियों का सम्मान लक्ष्मण पाठक, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने दुपट्टा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठाकुर करिंदा सिंह, ब्लॉक प्रमुख पन्ना लाल गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा, इंजीनियर राजकुमार शर्मा, सोहन लाल शर्मा कातिब, नृत्यगोपाल शर्मा, राजू ठेकेदार, निर्तो गुरु, बिहारी चकाचक, पंडित राजेश शर्मा, लक्ष्मण मुखिया, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, मुकेश शर्मा, कोकन मिश्रा, सागर शर्मा, केशव मुखिया, कान्हा मुखिया, श्रीनाथ कौशिक, गिरधारी लाल विशारद, जगदीश कौशिक, आदित्य शर्मा, शिक्षक नेता सुरेंद्र शर्मा, गोपाल उपाध्याय, आशीष चतुर्वेदी, त्रिलोकी पंडित, गौरांग कौशिक, सत्तों काका, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परशुराम शर्मा, चेयरमैन गोकुल संजय दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य कुंजी शर्मा, यज्ञ दत्त कौशिक, सुमित मौज लंबरदार, विनय उपाध्याय, राहुल मुखिया, शेखर मुखिया, सुरेश बाबा, हरिओम पुजारी, भानु शर्मा, दिलीप शर्मा, गोपाल शर्मा, राजेश शर्मा, आदि सहित सैंकड़ों की संख्या में विप्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन रामभरोसी पाठक व संचालन नृत्यगोपाल दुबे ने किया।

# आरएमएससीएल की राज्य स्तरीय टीम ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन निगम लिमिटेड (आरएमएससीएल) जयपुर की टीम ने भीषण गर्मी एवं हीटवेव के मध्यनजर जिले के चिकित्सा संस्थानों की तैयारियों की समीक्षा के लिए सघन निरीक्षण अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत आरएमएससीएल के मैनेजर प्रोक्योरमेंट डॉ. अभिषेक बेंधा और कनिष्ठ लेखाकार रविकांत ने सोमवार को जिला औषधि भंडार, जिला अस्पताल एवं सीएचसी मनियां का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में हीटवेव के मद्देनजर आरएमएससीएल द्वारा चिकित्सा संस्थानों में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवा उपलब्धता, उपकरणों की कार्यशीलता एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता जानने के लिए ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत आरएमएससीएल ने हीटवेव संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ डीडीडब्ल्यू के डीपीसी डॉ. शिवकुमार शर्मा और बायोमेडिकल वेस्ट इंजीनियर मंदीप कुमार भी मौजूद रहे। डीपीसी डॉ. शर्मा ने बताया कि निरीक्षण दल ने चिकित्सालयों के सबस्टोर, दवा वितरण केन्द्र, वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता, लू तापघात प्रबंधन में दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सा संस्थान का निरीक्षण कर उपकरणों एवं ऑक्सीजन व्यवस्था की भी जांच की। निरीक्षण दल ने जांच के साथ साथ मरीजों से बात कर चिकित्सा संस्थानों पर मिल रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया।

# ट्रक और कैंटर की टक्कर से कैंटर चालक की मौत



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** मेरठ-बदायूं हाईवे पर सलेमपुर थाना क्षेत्र के गांव चित्सौन में ट्रक और कैंटर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कैंटर चालक को उपचार के लिए मैक्स हॉस्पिटल चिट्टा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन उपचार के दौरान कैंटर चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। मृतक जिला शाहजहांपुर के थाना मिजार्पुर क्षेत्र के मिलकिया गांव निवासी कैंटर चालक राजू (40) पुत्र बृजपाल सब्जी लेकर दिल्ली जा रहा था। सलेमपुर थाना प्रभारी लोकेश अग्निहोत्री ने बताया कि बुलंदशहर की तरफ से आ रहे ट्रक और सब्जी लेकर दिल्ली जा रहे कैंटर की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमे ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए कैंटर चालक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद कैंटर चालक राजू का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने बरसात से पूर्व ग्रामीण अंचलों में नालों की सफाई अभियान का किया शुरू

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बरसात से पहले ग्रामीण अंचलों में नालों की सफाई का अभियान शुरू किया ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने जेसीबी मशीनों का उपयोग करके नालों को साफ करवाया और यह सुनिश्चित किया कि बारिश का पानी आसानी से निकल सके।

सौंख क्षेत्र के ग्राम पंचायत फोंडर के नगला वर में नालों की सफाई अभियान का शुभारंभ आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के प्रतिनिधि उनके बडे. भाई देवी सिंह (डीएम) ने किया। उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होने पर बहुत अधिक समय नहीं है। हर साल सौंख गोवर्धन इलाकों में जलभराव होता है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आज इस अभियान की शुरूआत जेसीबी मशीन द्वारा नालों की सफाई के साथ किया गया है, आगामी समय सभी नालों की सफाई करवा दी जाएगी। आज फोंडर गांव से नगला वर तक के नालों की सफाई जेसीबी से की गई है। इस दौरान नालों की सफाई अभियान के शुभारंभ अवसर पर महावीर नेताजी, राकेश प्रधान, पुष्पेन्द्र मास्टरजी, होरीलाल आदि सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बदमाश व कोतवाली देहात पुलिस टीम की हुई मुठभेड़



**वेलकम इंडिया**

**बुलन्दशहर।** रात्रि को थाना कोतवाली देहात पुलिस व स्वाट टीम हजरतपुर बम्बे के पास संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी जहांगीराबाद की तरफ से एक बाइक पर सवार संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जिसको रुकने का इशारा किया गया, नही रुका बल्की बाइक को तेजी से मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। जिसपर बदमाश की बाइक बम्बे से कुछ दूरी पर अनियन्त्रित होकर फिसल गयी। बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व घायल बदमाश की पहचान इमरान पुत्र हय्यूल निवासी डीएल 53 डबल पानी की टंकी एडिए कॉलोनी शहाजमालकोल थाना देहली गेट जनपद अलीगढ़ के रुप में हुई हैं। जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# डीएम एसपी ने आगामी गंगा स्नान दशहरे को लेकर तीर्थ नगरी बृजघाट का सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठपत्रकार**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, के साथ आगामी गंगा स्नान दशहरे को लेकर जनपद की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में पैदल भ्रमण कर घाटों की साफ सफाई, बैरिकेडिंग, यातायात मार्गों का जायजा लेते हुए जाम से निपटने के लिए रूट डायवर्जन के साथ दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने एवं सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोपरि मानने के साथ घाटों पर पर्याप्त मात्रा में एनडीआरएफ की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी करने के साथ। तीर्थ नगरी ब्रजघाट में आने वाले श्रद्धालुओं से भी शांति सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर नियमों का पालन करने की अपील की गई है।मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया की आस्था से जुड़े श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्या कहिन जिलाधिकारी अभिषेक पांडे तीर्थ नगरी ब्रजघाट में आगामी गंगा दशहरा पर्व को लेकर मोक्षदायिनी ने पतित पावनी गंगा मैया की आस्था से जुड़े श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के संबंध में ड्यूटी पर तैनात रहने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देशित करते हुए कहा है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करना ही उनका सर्वोपरि परमधेय है। लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पूर्व सभासद तरुण कुमार सैनी का निधन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद तरुण कुमार सैनी का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर पर लोग शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देने उनके आवास पर पहुंचे। तरुण कुमार सैनी भारतीय जनता पार्टी में सेक्टर संयोजक से लेकर नगर मंडल कोषाध्यक्ष और मरघटी वार्ड से सभासद रहे थे। वह बेहद मिलनसार और हंसमुख व्यक्ति थे। उन्होंने अपने पीछे पत्नी और एक ढाई वर्षीय बेटा छोड़ा है।

उनका बादली स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।तरुण कुमार सैनी पिछले लगभग छह माह से लगातार बीमार चल रहे थे। उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर है और लोग उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। पालिकाध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम, पूर्व पालिकाध्यक्ष पति एवं भाजपा नेता मकसूद लाला, भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश कुमार सैनी, रवि रुहेला, सभासद शिव प्रसाद सैनी, वरिष्ठ सभासद एम सगीर और तस्लीम पहलवान ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# पति की मृत्यु हो जाने पर ससुराल जन विधवा महिला को कर रहे है प्रताड़ित

**वेलकम इंडिया**



झांसी के मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घाट कोटरा निवासी पीड़ित विधवा महिला किरन देवी ने कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि साहब मेरे पति की मृत्यु हो चुकी है। मेरा जेठ और सास एवं जेठानी मुझको प्रताड़ित करती है। मेरे दो बच्चे हैं मुझे संपति का हिस्सा भी नही दे रहे हैं। हम मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करती हूँ। में कच्चे मकान में रहती थी

शासन द्वारा मुझे सरकारी आवास मिल गया था। जिसमे में रहती हूँ। मेरे कमरे में से मेरी जेठानी ने मोका पाकर सोने की झुमकी चोरी कर ली। जब मेने सुबह बात कही कि आपने मेरी झुमकी चोरी कर ली तो वह उत्तेजित होकर लड़ने लगी तब मैंने गांव में बात सुनाई तो वह बोली पैसे दे देगे। जिस पर हम राजी हो गए फिर मेंने सोने की झुमकी की चर्चा की तो एक राय होकर मेरे बच्चो सहित मुझे मारने पर उतारू हो गए। तो मैंने देवरी घाट पुलिस चौकी पर जाकर प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की। तो पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। उल्टा मुझ पर दबाव बनाने लगे अगर कही शिकायत की तो जान से मार देंगे। आज में अपने बच्चो सहित मऊरानीपुर कोतवाली पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। में बेबस गरीब महिला हूँ। मेरा कोई नही है। पीड़ित विधवा महिला ने जांच कर न्याय दिलाए जाने की माँग की है।

# आगरा में युवती के मर्डर का सनसनीखेज खुलासा. पिता, पति और देवर ने पीट-पीट मार डाला सड़क किनारे फेंकी थी लाश

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**




आगरा के थाना खेरागढ़ क्षेत्र में मिली युवती की लाश और इस मर्डर का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है।युवती के पिता, पति और देवर ने ही मिलकर युवती सुनीता की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और लाश को यहां सड़क किनारे फेंक गए थे।शनिवार सुबह जब लोगों ने युवती की लाश को देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी।पुलिस ने सबसे पहले मृतक युवती की पहचान सुनीता के रूप में की जो कि धौलपुर की रहने वाली थी फिर इस हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा किया।राजस्थान धौलपुर के सीमावर्ती गांव नवाब बसई में रहने वाली 25 साल की युवती की खून से लथपथ लाश खेरागढ़ के भोजपुर गांव में सड़क किनारे मिली थी।पुलिस ने शिनाख्त कर उसके पिता कोमल सिंह को बुलाया और जानकारी की। पिता ने बताया कि बेटी एक दिन शाम से लापता थी. पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने में लगी थी कि रात्रि करीब ग्यारह बजे मृतका की बहन पूजा ने थाना कोलारी पहुंच अपने पिता कोमल सिंह, सुनीता के पति पवन और देवर जल सिंह पर हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया। थानाध्यक्ष कोलारी ने बताया कि मृतका सुनीता और उसकी दो बड़ी बहनों की शादी गांव सालेहनगर बरबर में हुई थी।एक बड़ी बहन पूजा ने पति से तलाक लेकर दूसरी जगह शादी कर ली थी और वह आगरा रह रही थी सुनीता की अपने पति से अनबन रहती थी।

# 20 करोड़ से होगा संजय वन का सौंदर्यकरण राज्य मंत्री ने भूमिपूजन कर किया उद्घाटन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** परतापुर के दिल्ली रोड स्थित संजय वन के लिए शासन के द्वारा 20 करोड़ की धनराशि से जारी की गई है सोमवार को ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने संजय वन के सौंदर्य करण कार्य का हवन पूजन के साथ उद्घाटन किया। डॉ सोमेंद्र तोमर ने कहा कि मेरठ विकास के पद पर आगे बढ़ रहा है 2026 तक संजय वन एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा उन्होंने कहा कि वन्य जीव को सुरक्षित व संरक्षित करने के लिए संजय वन वन्य जीव चेतना केंद्र के रूप में स्थापित होगा। कहां की शासन के द्वारा एक करोड़ 77 लाख रुपए की पहले किस्त जारी की गई है जिसमें वाकिंग ट्रेक, पार्किंग व्यवस्था, योगा लोन व लाइटिंग व्यवस्था सहित अन्य विकास कार्य होंगे। कहां की संजय वन के पास आरआरटीएस का स्टेशन है रैपिड रेल शुरू होने से शहर वासियों को मेरठ में दिल्ली और नोएडा जैसी अनुभूति होगी कहां की जो पैसा संजय वन के विकास कार्यों के लिए अलॉट हुआ है उसका सही उपयोग होगा और सभी काम अच्छी गुणवत्ता से होंगे। इस दौरान डीएफओ राजेश कुमार, मोहद्दीनपुर गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपक राणा, अनुज तोमर, नवीन नेहरा, आदित्य शर्मा, सुनील वर्मा, आकाश पंडित, मनीष प्रजापति सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# नमो भारत से आसान हुई 'छोटा हरिद्वार' की यात्रा, मुरादनगर स्टेशन से कुछ कदम की दूरी पर है श्रद्धा का ये स्थल

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

देश की पहली नमो भारत ट्रेन ने दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ व आसपास के लोगों के लिए यात्रा को काफी आसान, सुगम और सुविधाजनक बना दिया है। दिल्ली-एनसीआर से 'छोटा हरिद्वार' की यात्रा करना अब पहले से कहीं अधिक तीव्र और आसान हो गया है। सेमी हाई-स्पीड ट्रेन नमो भारत फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच 55 किलोमीटर के सेक्शन में दौड़ रही है। इसी रूट पर- मुरादनगर नमो भारत स्टेशन है जहां से महज कुछ कदम की दूरी पर 'छोटा हरिद्वार' है। मुरादनगर स्थित 'छोटा हरिद्वार' दिल्ली के आनंद विहार से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके लिए नमो भारत से केवल 22-23 मिनट का समय लगता है। आनंद विहार से मुरादनगर स्टेशन तक स्टैंडर्ड कोच में सफर करने के लिए केवल 80 रुपये किराया लगता है जबकि प्रीमियम में यह 95 रुपये होता है। वहीं, गाजियाबाद से इसकी दूरी लगभग 18 किलोमीटर है



जिसके लिए स्टैंडर्ड में केवल 40 रुपये देने होते हैं और सफर महज 12 मिनट का होता है। मेरठ साउथ स्टेशन (भूडबराल) से छोटा हरिद्वार करीब 23 किलोमीटर दूर है और ये दूरी 13 से 14 मिनट में पूरी हो जाती है, जिसके लिए नमो भारत में केवल 60 रुपये किराया लगता है। मुरादनगर स्टेशन से पैदल चलकर कुछ ही मिनटों में लोग छोटा हरिद्वार पहुंच जाते हैं। गंगनहर के किनारे स्थित यह एक धार्मिक स्थल है, जहां हरिद्वार जैसा ही माहौल देखने को मिलता है। यहां श्रद्धालु गंगाजल भरने, पवित्र स्नान करने और धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए बड़ी संख्या में आते हैं। जो लोग समय की कमी या संसाधनों के कारण हरिद्वार नहीं जा पाते, उनके लिए यह स्थान एक बेहतर विकल्प बन गया है। अब गंगा दशहरा भी आने वाला है, जो ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस पावन पर्व पर शुभ मुहूर्त में लोग गंगा स्नान-दान व पूजन करते हैं। नमो भारत में यात्रा करना न केवल तीव्र है, बल्कि यह सफर पूरी तरह सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इसमें वातानुकूलित कोच, बेहतरीन कुशन-सीटें, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, स्वच्छता और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए भी ये यात्रा बेहद सहज हो जाती है। इस ट्रेन से मुरादनगर और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक यात्रा और पर्यटन को नया आयाम दिया है। साथ ही स्थानीय दुकानदारों और छोटे व्यवसासियों को भी लाभ हो रहा है। आस्था और आधुनिकता का यह संगम आज के भारत की प्रगति और सांस्कृतिक मूल्यों को साथ लेकर चलने की दिशा में एक मजबूत कदम है। नमो भारत ट्रेन फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक 55 किमी के सेक्शन में 11 स्टेशनों के बीच दौड़ रही है। मेरठ साउथ से मेट्रो की सेवा बहुत जल्द मिलेगी जो परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल, भैसाली, बेगमपुल, एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ, मोदीपुरम और मोदीपुरम डिपो के बीच चलेगी। इनमें से मेरठ सेंट्रल, भैसाली और बेगमपुल अंडरग्राउंड स्टेशन हैं। इसके अलावा मेरठ में चार स्टेशनों- मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम से ना सिर्फ मेट्रो बल्कि 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की अधिकतम रफ्तार से दौड़ने वाली नमो भारत की सुविधा भी मिलेगी।

# खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम में संशोधन की मांग हेतु मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत व्यापारियों को होने वाली कठिनाइयों के निराकरण हेतु मांग करते हुए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर संबंधित अधिकारी के माध्यम से भेजा गया।

बुलंदशहर जिलाध्यक्ष दीपू गर्ग ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के दिशा निर्देशन में सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह को ज्ञापन दिया गया। जिसमें खाद्य सुरक्षा विभाग के वर्षों पुराने मानकों के आधार पर व्यापारियों को होने वाली परेशानी के निराकरण की मांग की गई व जांच लैब जिला स्तर पर बनाए जाने की मांग की गई है। खेती में कीटनाशक व रासायनिक खाद डालने का कोई मानक तय नहीं है अंधाधुंध कीटनाशक वह रासायनिक खाद का प्रयोग खेती में किया जा रहा है, सिंचाई के लिए प्रयोग किए जाने वाला जल पूरी तरीके से दूषित हो चुका है जिससे खेती से प्राप्त होने वाले खाद्यान्न अनाज, फल, सब्जी आदि में रसायन व कीटनाशक भारी मात्रा में पहुंच रहा है जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा है। इसी प्रकार 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय द्वारा मुख्यमंत्री को भेजा गया है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष दीपू गर्ग, युवा जिलाध्यक्ष हरिश सिंघल, जिला संरक्षक अभिषेक अग्रवाल, कार्यालय प्रमुख राजेश कुमार, जिला मंत्री रामकुमार गोयल, नगर अध्यक्ष मोहित गर्ग, नगर कोषाध्यक्ष यश गोयल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# जामा मस्जिद कमेटी की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पास

**वेलकम इंडिया,**

**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर की जामा मस्जिद में इशा की नमाज के बाद मजलिस ए शूरा की एक अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक का आगाज तिलावत-ए-कलाम पाक से हुआ। इस दौरान मस्जिद के लिए कई जरूरी फैसले लिए गए और नए ओहदेदारों का इंतिखाब भी अमल में आया। बैठक की सदारत मस्जिद के मुतवल्ली जाहिद अली सेठ ने की। बैठक की शुरूआत में सबसे पहले 12 मई को संपन्न हुई मीटिंग की कार्रवाई को पढ़कर सुनाया गया, जिसमें जाहिद अली सेठ को मुतवल्ली मुन्तखब किया गया था, इस फैसले को दोबारा मंजूरी दी गई। साथ ही इस बार दो नायब मुतवल्ली के तौर पर कारी मोहम्मद साजिद और मोहम्मद अंजर का इंतिखाब किया गया। इनके अलावा मस्जिद कमेटी के लिए नए ओहदेदारों का इंतिखाब करते हुए हाफिज शकील अहमद कुरैशी को जनरल सेक्रेटरी, हाजी अजमत अली को खजांची और मोहम्मद इसरार को नायब खजांची बनाया गया। मस्जिद की देखरेख के लिए अब्दुल्लाह को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में मस्जिद की बेहतरी के लिए इत्तिफाक राय से कुछ अहम प्रस्ताव पास किए गए, जिनमें मस्जिद का छोटा गेट तोड़कर उसकी जगह बड़ा और आधुनिक गेट बनाया जाएगा, पुराने लाउडस्पीकर हटाकर नए और बेहतर लाउडस्पीकर लगाए जाएंगे, रोजाना इशा की नमाज के बाद होने वाली कुरान की तफ़्सीर के लिए एक छोटा माइक लिया जाएगा और मस्जिद के माली इंतिजाम के लिए बैंक में खाता खुलवाया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि इस बार इमाम-ए-शहर मुफ्ती महमूद आलम हज पर हैं, इसलिए ईदगाह में मुफ्ती वसीम अहमद और जामा मस्जिद में मौलाना जलीस अहमद ईद-उल-अजहा की नमाज पढ़ाएंगे।

# एमआईईटी के बायोसाइंसेज एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग में विदाई समारोह का आयोजन हुआ

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** एमआईईटी के बायोसाइंसेज एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से बीएससी और एमएससी बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें कैंपस डायरेक्टर डॉ. संजय सिंह, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजीत वर्मा, आईक्यूएसी प्रमुख डॉ. संजीव सिंह, रजिस्ट्रार एस.पी. सिंह, प्राचार्य डॉ. सचिन कौशिक और विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नई उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा और व्यक्तित्व के आधार पर विभिन्न खिताब प्रदान किए गए। बीएससी माइक्रोबायोलॉजी के अतुल को मिस्टर फेयरवेल और विशाखा को मिस फेयरवेल का खिताब मिला। बीएससी बायोटेक्नोलॉजी से कृतिका, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी से अंजलि वर्मा और एमएससी माइक्रोबायोलॉजी से तुलसी को भी विनीर घोषित किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा विभाग की समन्वयक डॉ. अंजलि राठी के निर्देशन में तय की गई थी। इस अवसर पर डॉ. अशिमा, डॉ. नितिन, डॉ. दिव्या, डॉ. सोनिया, डॉ. डीवी सूर्य, डॉ. शिप्रा, डॉ. सुभीर, डॉ. गौरव, डॉ. सचिन, डॉ. रॉबिन, डॉ. नेहा, डॉ. रिन्नी, डॉ. रजनी, डॉ. अशना, डॉ. नितिका, डॉ. रेखा, डॉ. चांदनी और साक्षी सहित समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में छात्रों ने भावनात्मक और उल्लासपूर्ण माहौल में एक-दूसरे से विदाई ली।

# पति ने पत्नी की गुमशुदागी की तहरीर दी, गुमशुदागी दर्ज



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के गांव महदेव निवासी एक व्यक्ति ने मुकामी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपनी पत्नी के बिना बताये कहीं चले जाने की तहरीर दी है। मुकामी पुलिस ने गुमशुदागी दर्ज कर ली है।

थाना दुधारा के गांव महदेव निवासी सदानंद पुत्र राम छैल ने प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि प्रार्थी की पत्नी सोनी देवी दिनांक 18 मई को बिना किसी परिवार को बताये घर से कहीं चली गई शाम तक घर नहीं आई। काफी खोजबीन किया पता नहीं चला। मेरी पत्नी अपने साथ लड़के आकाश(7) को भी ले गई है। थानाध्यक्ष इन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि गुमशुदागी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# इको कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत

**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के पौटा नहर पुल के पास एक ईको और बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बाइक सवार ललित पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी शकरा टीला थाना बहादुर गढ़ जिला हापुड़ सुबह घर से नरौरा दुकान पर काम करने के लिए निकला था बाइक से ऊंचा गांव नहर पटरी से होता हुआ करीब दस बजे पौटा नहर पुल पार कर रहा था तभी अहार की ओर ईको दो लोग सवार जहांगीराबाद होकर दिल्ली जा रहे थे। ईको की टक्कर लगने से बाइक सवार नहर में जा गिरा। घटना होते ही पास के भट्टा पर



काम करने वाले लोग और राहगीरों ने उसे पानी भरी नहर में ढूंढ कर सीएचसी जहांगीराबाद पुलिस ले गई। वहां चिकित्सको ने बाइक सवार करीब 20 साल के युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। परिजनों अस्पताल पहुंच कर पंचायत नामा भरवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अनु प्रताप सिंह ने बताया कि अभी मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। मृतक की नरौरा में प्राइवेट चिकित्सक की दुकान थी उस खोलने के लिए जा रहा था। मृतक अपने परिवार में तीसरे नंबर का था और अविवाहित था। मृतक के सबसे बड़ा भाई महेंद्र सिंह, दूसरा आकाश और तीसरे नंबर पर ललित उससे छोटा सन्जू एक बहन रीना थी। मृतक के पिता कुंवरपाल सिंह मल्लाह जाति के है मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। परिजनों ने मृतक का गमगीन माहौल में गांव के गंगा किनारे श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# गांव मांकडी की नहर पर दो माह से बगैर पानी व बिजली के खडे वाटर कूलर

**वेलकम इंडिया**

स्याना/बुलंदशहर/दो माह पहले स्याना विधायक देवेन्द्र लोधी ने स्याना के गांव माकडी नहर पर वाटर कूलर की सौगात देकर जनता का भरोसा जीता।

लेकिन ये कूलर यूं ही खडे लोगों को चिड़ा रहे हैं। क्योंकि इनको चालूं करने के लिये ना तो कोई पानी की व्यवस्था हैं और नाही आस पास तक बिजली है। अब यहां से निकलने वाले लोगों को चिढा रहे वाटर कूलर। अब बेचारी जनता कहां जाये प्यास बुझाने। सब कुछ भगवान भरोसे। कुछ लोग तो कह रहे हैं कि विधायक हो तो ऐसा कि बिना पानी के खडे ये वाटर कूलर आने जाने वालों की आंखों मे काटे की तरह चुभ रहे हैं। एक सर्वे में क्षेत्र की जनता ने स्याना विधायक को केवल कुछ ही परसेंट पसंद किया था।




# धूमधाम से निकाली कलश यात्रा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर :** सोमवार को गांव चौढेरा स्थित शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भागवत कथा की कलश यात्रा में गांव की दर्जनों महिलाओं सहित युवतियों सहित किशोरियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। ग्रामीणों ने जगह-जगह कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। गांव में कई स्थानों पर प्याऊ लगाकर श्रद्धालुओं को पानी पिलाया गया।

छतारी के गांव चौढेरा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को श्रीमद भागवत पंडाल से आयोजित भव्य



कलश यात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता परवेंद्र देशवाल, विचित्र कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर किया। आयोजित भव्य कलश यात्रा में गांव के दर्जनों महिला सहित युवतियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा का ग्रामीणों ने जगह जगह पुष्पवर्ष कर स्वागत किया। मथुरा के प्रसिद्ध कथा वाचक माधव महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद भगवत की कथा सुनाएंगे। इस मौके पर प्रेमपाल सिंह, राकेश, बल्लो दादा, रामवीर सिंह चौकीदार, गजेंद्र पांडा, सनी राजपूत, योगेश लोधी, गोपाल हिन्दू, संदीप तोमर, हेमंत लोधी आदि मौजूद रहे।

# मुरादाबाद को दो विकेट से हराकर प्लेयर चॉइस अतरौली ने ट्राफी पर किया कब्जा

**वेलकम इंडिया**

अलीगढ़/अतरौली नगर के प्लेयर चॉइस क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में मुरादाबाद क्रिकेट क्लब को प्लेयर चॉइस क्रिकेट एकेडमी अतरौली ने दो विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज चौहान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय लेकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी प्लेयर चॉइस एकेडमी अतरौली के कप्तान उमेश कुमार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया मुरादाबाद क्रिकेट एकेडमी के ओपनर बल्लेबाज आदिल सैफी ने



शानदार बल्लेबाजी करते हुए 6 चौके चार छक्को की मदद से 35 गेंद में 54 रन परितोष राजपूत 13 तनिष्क कुमार 24 कपिल 34 गेंद पर पांच चौके छह छक्के की मदद से 66 रनों के सहयोग से 35 ओवर में 225 रन का लक्ष्य दिया उमेश कुमार तीन चंद्रवीर सिंह दो रजत चौहान ने दो खिलाड़ियों को आउट किया प्लेयर चॉइस क्रिकेट एकेडमी अतरौली के ओपनर बल्लेबाज रजत चौहान ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मैदान की चारों ओर शानदार स्टॉक लगाते हुए 30 बॉल में 11 चौके तीन गगनचुंबी छक्के की मदद से 68 रन हिमांशु वर्मा 20 प्रशांत 49 चंद्रवीर 13 सोनू 21 नॉट आउट उमेश कुमार नॉट आउट 33 रनों के सहयोग से 8 विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया मैन ऑफ द मैच उमेश कुमार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रजत चौहान सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज परितोष राजपूत सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण हिमांशु राजपूत रहे इस अवसर पर एडवोकेट राकेश गौतम एडवोकेट शराफत अली दीपू सक्सेना अनंत शर्मा वरुण चौधरी कोच मोहसिन खान कोच अरुण राज कोच रिजवान खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज बुलन्दशहर में लोक माता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** लोक माता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार राज्य के विभिन्न संस्थानों में रानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गये प्रेरणादायक कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में कल्याण सिंह राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बुलन्दशहर में ₹फ४ल्ल ङ्क१ हङ्गील्ल ऐस्त्रङ्गद्गीशैल्ल३₹ को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा महाविद्यालय में एम०बी०बी०एस० पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मध्य दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इसके अतिरिक्त चिकित्सा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के मध्य वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में एम०बी०बी०एस० पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष की छात्रा शयती दत्ता को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। विभिन्न कार्यक्रमों में कल्याण सिंह राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बुलन्दशहर के समस्त संकाय सदस्यों, रेजीडेन्टों एवं समस्त कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

लोक माता रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य के अन्दर ही नहीं अपितु राज्य से बाहर भी प्रसिद्ध तीर्थों, मन्दिरों, घाट, कुआँ एवं बावड़ियों का निर्माण कराया, भुखों के लिए अन्न क्षेत्र खोले. प्यासों के लिए प्याऊ लगवाया एवं मन्दिरों में शास्त्रों के मनन चिन्तन और प्रवचन हेतु विद्वानों की नियुक्ति की जिसके फलस्वरूप जनता उन्हे देवी कहकर सम्बोधित करने लगी थी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या डा० मनीषा जिंदल ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से सीखने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरणा दी। कार्यक्रम में डा० पूजा रस्तोगी, डा० तूबा तनवीर एवं डा० नताशा सिंह उपस्थित रहे।

# लाखों की लूट के खुलासे को लेकर पालिका के सभासदों ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एक सप्ताह पूर्व पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली के यहां हुई लाखों की लूट का खुलासा ना होने पर नगर के सभासदों ने प्रदर्शन कर एक ज्ञापन एसीपी को सौंपा। एसीपी ने मामले के शीघ्र खुलासे के आश्वासन दिया है। दरअसल गत 27 मई 2025 को नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली के सारा रोड़ स्थित कंपनी कार्यालय पर रात को चौकीदार को बंधक बनाकर बदमाशों ने लाखों की नकदी व जेवरात लूट लिए थे। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक इस लूट का खुलासा नहीं हुआ है।सोमवार को सभासद



संघर्ष समिति के बैनर तले सभी सभासद एकत्र होकर एसीपी ज्ञानप्रकाश राय से मिले और पुलिस कार्यशैली के खिलाफ प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए एक ज्ञापन उन्हें सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी फि गई है कि उपरोक्त घटना का खुलासा 3 दिन के भीतर खुलासा न होने पर समस्त सभासद मोदीनगर, कांट्रेक्टर एसोसिएशन मोदीनगर एवं क्षेत्रवासी पुलिस प्रशासन के खिलाफ आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे।जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन कि होगी।एसीपी ने घटना के शीघ्र खुलासे के आश्वासन दिया है। प्रदर्शनकारियों में सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, दुष्यन्त यादव, सुशीला देवी, सारिका, सुमन पायल, बॉबी, जितेंद्र कुमार, सुषमा, प्रदीप शर्मा, सूबे सिंह मनीष अग्रवाल, संजय शर्मा पिंडी, अमित कराते, संदीप सांगवान, प्रीतम सैनी, आलोक कौशिक आदि मौजूद रहे।

# त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति की हुई पंचायत, संगठन का किया गया विस्तार

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कस्बा निवाड़ी में त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति की एक पंचायत की गई।जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी रहे। पंचायत में संगठन का विस्तार किया गया। भगवान परशुराम जी की प्रतिमा, के आगे ज्योत जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें पश्चिमी उत्तरप्रदेश के त्यागी बिरादरी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व अपनी एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम के संचालन शशांक त्यागी व उनकी पूरी टीम ने किया।कार्यक्रम में कुछ अहम जिम्मेदारी दी गई। जिसमें कुलदीप त्यागी तलहैटा को पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई व शशांक त्यागी निवाड़ी को युवा जिला अध्यक्ष गाजियाबाद की जिम्मेदारी दी गई। जिसमें आसपास के सभी जिलों



के त्यागी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया और जिसमें राम अवतार त्यागी सरना ज्ञानेश्वर त्यागी धनोरा अमित त्यागी मंडोला नरेंद्र त्यागी निवाड़ी पारुल त्यागी निवाड़ी जितेंद्र त्यागी एडवोकेट कृष्ण शास्त्री ज्ञानबोध आर्य ऋषिराज त्यागी राजप्रकाश त्यागी हनी नेता गौरव त्यागी सौरभ त्यागी विकास त्यागी अश्वनी त्यागी आदि काफी संख्या मे लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संचालन शशांक त्यागी व उनकी पूरी टीम ने कार्यक्रम में आए सभी समस्त लोगों का हार्दिक धन्यवाद किया।

## कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर की गई चर्चा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान मे कांग्रेस संगठन सजन अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सैन ने की। बैठक में प्रवीण कुमार योगी जाटव कोऑर्डिनेटर मुख्य अतिथि रूप के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने कहा की आने वाले 100 दिनों में कांग्रेस का संगठन वार्ड स्तर बूथ स्तर व मंडल स्तर तक बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में अभी से कार्यकर्ता जुट जाए 15 जून तक वार्ड अध्यक्षों का गठन और 30 जून तक बूथ अध्यक्षों का गठन करना आवश्यक है।राहुल गांधी, अविनाश पांडे व अजय राय, प्रदीप नरवाल के निर्देश पर हम लोग निर्धारित समय पर ही संगठन का गठन करेगे।कांग्रेस जनता की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। बैठक का संचालन कांग्रेस पीसीसी सदस्य सुनील शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अभिनव शर्मा ,योगेश शर्मा, सुरेश दोसा ,दीपक प्रजापति, पूर्व शहर अध्यक्ष राकेश गोयल, रामकिशन शर्मा, भिखारी लाल कश्यप, संतोष कुमार ,पांडे चांद वीर चौधरी ,अब्दुल अहमद ,आत्म प्रकाश शर्मा ,अय्यूब कुरैशी ,अमजद ,पवन करी ,हरिदत्त कसाना ,विनोद कुमार गौतम ,किशोर कुमार शर्मा ,आकाश तंवर ,शिवम सेन ,हर्ष कुमार जाटव ,हरिओम शर्मा सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।बैठक में मुख्य रूप से सत्येंद्र गुप्ता अध्यक्ष व्यापार मंडल गोविंदपुरी ,गिरीश तंवर ,नरेंद्र सेन,आकाश तंवर आदि लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# पूनम ढींगरा महिला पंजाबी संगठन की नई जनरल सेक्रेटरी नियुक्त

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** महिला पंजाबी संगठन की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक विवेक इंटर कॉलेज, संतपुरा में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूनम ढींगरा को संगठन की नई जनरल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने उन्हें इस दायित्व के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी।

महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैय्यर ने भी पूनम ढींगरा को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।इस बैठक में डॉ. शालिनी नैयर, अनीता ग्रोवर, शशि ढींगरा, रजनी मेहरा, अंजलि सचदेवा, निशु ग्रोवर, रूचि बारी, विप्रा भाटिया, परमजीत कौर, गीता मोहन अरोड़ा, चरणजीत कौर,



सपना, वीणा चावला, मीणा भल्ला, प्रवीण आनंद, रीना चड्ढा, रितु कपूर, अंजलि अरोड़ा, अमिता आहूजा, प्रियंका, आशा ग्रोवर, लवली, विशाखा, रुचि गुप्ता, राजकुमारी मुन्नी, नीता, अनीता, लक्ष्मी, भावना एवं अन्य कई सदस्य उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल द्वारा महान समाज सुधारक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को उनके अतुलनीय कार्यों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस आयोजन के लिए विद्यालय परिसर उपलब्ध कराने हेतु संस्था ने श्रीमती मधु सिंघल का विशेष धन्यवाद किया।उनके सहयोग से यह आयोजन गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने संगठनात्मक एकता और सामाजिक उत्थान के लिए अपने संकल्प को दोहराया और भविष्य में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## सब्जी का उचित मूल्य न मिलने से सब्जी विक्रेता किसान परेशान- असलम चौधरी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सब्जी मंडियों में इन दिनों सब्जी के दामों में भारी गिरावट का दौर जारी है जिससे सब्जी उत्पादक किसानों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। भोजपुर क्षेत्र के किसान गांव तोड़ी निवासी असलम चौधरी चेयरमैन जो क्षेत्र मे सबसे बड़े सब्जी उगने वाले किसानो में से एक है।उनका कहना है कि इस समय सब्जी उत्पादक किसान सबसे ज्यादा परेशान है किसान को सब्जी उगाने से लेकर बेचने तक जो मेहनत करनी पड़ रही है, बाजार में उसका उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। किसान इस समय चकई, पेठा, हरा धनिया, लौकी, तोरी, भिंडी आदि सब्जी लेकर जब मंडी में जाता है, तो उसका मंडी में उचित मूल्य नहीं मिलता।हालात ये है कि किसान को सब्जी ले जाने का भी किराया अपने जेब से भरना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि सब्जी उगाने वाले किसान को कम से कम सब्जी की लागत तो मिल जाए नहीं तो किसान बर्बाद हो जाएगा।उन्होंने बताया कि वह रोजाना गांव से एक छोटा ट्रक भर कर सब्जी लेकर दिल्ली जाते हैं। लेकिन मंडी में सब्जी ले जाने का खर्चा भी पूरी तरह से प्राप्त नहीं हो रहा है।जिस कारण क्षेत्र का सब्जी उगाने वाला किसान बहुत परेशान है।इस संबंध में शासन प्रशासन को सब्जी उत्पादक किसान की तरफ ध्यान देना चाहिए और किसी तरह किस से सीधी सब्जी लेकर उसे बाजार में बेचा जाए ताकि किसान को सब्जी का उचित मिल सके।

## फसल बुवाई के समय जनपद में किसानों को खाद बीज की कोई कमी न रहे: जिलाधिकारी



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर फसल बुवाई के समय जनपद में किसानों को खाद बीज की कोई कमी न रहे इसके लिए सरकार की ओर से जनपद को उपलब्ध कराए गए फर्टिलाइजर को सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। आज जिलाधिकारी श्रुति ने सहकारी समितियों पर उपलब्ध डीएपी, एनपीके, यूरिया आदि के उपलब्ध होने एवं उसके पारदर्शी वितरण का सत्यापन करने के उद्देश्य से बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी पैक्स) नीमखेड़ा का निरीक्षण करते हुए समिति पर उपलब्ध खाद एवं वितरण का सत्यापन किया।स्टॉक पंजीकाओं का अवलोकन करते हुए उपलब्ध खाद एवं उसके वितरण के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि सभी किसानों को नियमानुसार खाद दिया जाए।वितरण पंजिका में दर्ज किसानों में से 03 किसानों से दूरभाष पर उनके द्वारा खरीदे गये उर्वरक की मात्रा एवं मूल्य की जानकारी ली गई। समिति पर यूरिया एवं फॉस्फेटिक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया।समिति पर उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी कराया गया।समिति सचिव द्वारा दिनांक 31 मई 2025 तक के उर्वरक वितरण की धनराशि को बैंक में जमा किये जाने की रसीद प्रस्तुत की गई। निर्देशित किया गया कि उर्वरक की रेट लिस्ट को स्थायी तौर पर पेंट कराया जाए। बिक्री रजिस्टर में कृषक के नाम के आगे सदस्य/गैर सदस्य एवं मो0नं0 का अंकन भी किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी महोदया ने राष्ट्रीय राजमार्ग 91 पर स्थित पीसीएफ के खाद गोदाम का निरीक्षण किया।निरीक्षण के समय पूंठरी कला समिति हेतु यूरिया एवं टीएसपी को ट्रक में लोड होता पाया गया।

# व्यापारियों ने व्यापारियों के साथ घटित आपराधिक घटनाओं पर जताई चिंता

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गोविंदपुरी इकाई द्वारा एक आपात बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों ने व्यापारियों के साथ घटित दो बड़ी आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता जताई गई। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता ने की तथा संचालन महामंत्री संजीव कौशिक ने किया। बैठक में हाल ही में व्यापारियों के साथ घटित दो बड़ी आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता जताई गई।मोदीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते सप्ताह नगर पालिका अध्यक्ष के पास स्थित एक प्रतिष्ठान में रात्रि के समय करीब लाखों रुपये और आभूषणों की लूट की गई।इसके अतिरिक्त 14 अप्रैल को हरमपुरी में दिनदहाड़े व्यापारी अंकित जिंदल के निवास से लगभग 20 लाख रुपये



की नकदी एवं आभूषण चोरी की घटना भी सामने आई थी। दुर्भाग्यवश, इन दोनों ही मामलों में अब तक कोई ठोस खुलासा नहीं हो सका है।बैठक में व्यापारियों ने एक सुर में अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन से तीव्र कार्रवाई की मांग की।व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी तीन दिनों के भीतर उक्त घटनाओं का खुलासा नहीं किया गया तो व्यापार मंडल आंदोलन करने को बाध्य होगा।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गोविंदपुरी इकाई ने यह भी स्पष्ट किया कि व्यापारी समाज को लगातार निशाना बनाए जाने से उनका मनोबल गिर रहा है और वे स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।ऐसे में प्रशासन को शीघ्र कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार करना अत्यंत आवश्यक है।इस महत्वपूर्ण बैठक में मोदीनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल, कोषाध्यक्ष जगदीश मदान, इकाई के कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, संरक्षक राकेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर एसएसपी ने किया नगर का दौरा

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** रविवार की देर शाम बुलन्दशहर जिले के एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जहाँगीराबाद का दौरा किया। इस दौरान अनूपशहर, अहार व जहांगीराबाद पुलिस बल के साथ एसएसपी ने नगर के मुख्य बाजार में पैदल मार्च किया।एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में त्यौहारों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।



रविवार की देर शाम एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने अनूपशहर सर्किल के सीओ रामकरन सिंह और सर्किल की तीनों थानों की फोर्स के साथ जहाँगीराबाद कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं को जल्द से जल्द निबटाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गंगा दशहरा के दौरान अनूपशहर की स्थिति के बारे में अनूपशहर कोतवाली प्रभारी से जानकारी ली। वहीं श्रावण मास में लाई जाने वाली कांवड़ मार्गों को लेकर भी अधीनस्थों से जानकारी ली। आगामी बकरीद त्यौहार को लेकर शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए भी कहा।एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई भी शरारती तत्व त्यौहार पर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। दिशा निर्देश देने के बाद एसएसपी जिला मुख्यालय की तरफ कूच कर गए।

# सीईओ के निर्देशन में एसीईओ प्रेरणा ने अवैध निर्माण को ढहाया ,16 साल बाद आवंटियों में खुशी की लहर

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी के निर्देशन में एसीईओ प्रेरणा सिंह का अवैध निर्माण पर ताबड़तोड़ वार जारी है जिसके क्रम में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर दो के 10 आवंटियों के घर की जमीन पाने का इंतजार सोमवार को खत्म हो गया। जिसको लेकर लोगों में खुशी का माहौल है।यह खुशी उन्हें 16 वर्षों बाद प्राप्त हुई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 3 की टीम ने पतवाड़ी (सेक्टर दो) में अवैध कब्जे को हटाकर आवंटियों को कब्जा दिला दिया है।इसके साथ ही सेक्टर दो की 9 मीटर रोड, 18 मीटर रोड और ग्रीन बेल्ट बनाने का रास्ता भी साफ हो गया है। यह

**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 3 की टीम ने पतवाड़ी (सेक्टर दो) में अवैध कब्जे को हटाकर आवंटियों को कब्जा दिला दिया है। इसके साथ ही सेक्टर दो की 9 मीटर रोड, 18 मीटर रोड और ग्रीन बेल्ट बनाने का रास्ता भी साफ हो गया है।**

प्राधिकरण की अधिग्रहित कब्जा प्राप्त जमीन है।जिसकी बाजार दर कीमत 100 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की आवासीय योजना के अंतर्गत इन 10 आवंटियों को भी सेक्टर दो के डी ब्लॉक में आवासीय भूखंड आवंटित किए गए, लेकिन अतिक्रमण के चलते इन आवंटियों को पजेशन नहीं दिया जा सका।ये आवंटी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से मिले। सीईओ ने शीघ्र ही अतिक्रमण हटाकर पजेशन दिलाने का आष्वाऊसन दिया। सीईओ के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सोमवार को महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण के वर्क सर्किल 3 की टीम को भेजकर पतवाड़ी के खसरा संख्या 1150 की लगभग 10 हजार वर्ग मीटर को अतिक्रमण मुक्त करा लिया।सोमवार को वर्क सर्किल 3 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम ने वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर व रतिक, सहायक प्रबंधक राजीव मोटला व पुलिस की मदद से जमीन पर अवैध कब्जे को ढहा दिया है।तीन जेसीबी व 4 डंपर की मदद से पांच घंटे की कार्रवाई के बाद जमीन को मुक्त करा लिया गया। बाजार दर से इस जमीन की कुल कीमत करीब 100 करोड़ रुपये होने का आकलन है।इसके साथ ही सेक्टर दो के डी ब्लॉक में 10 आवंटियों को भूखंड पर पजेशन भी दे दिया गया है।लंबे समय से अटकी सेक्टर की नौ मीटर व 18 मीटर रोड बनाने और ग्रीन बेल्ट विकसित करने का भी रास्ता साफ हो गया है। इससे सेक्टर दो के निवासियों को बड़ी राहत मिली है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा है कि प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि हो या फिर कब्जा प्राप्त जमीन, बिना अनुमति निर्माण करने और जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# शिक्षिकाओं ने मांगा वेतन तो स्कूल ने थमा दिया निष्कासन पत्र, पढ़ाना छोड़ प्रदर्शन कर रहीं मैडम

वेलकम इंडिया




**नोएडा।** शिक्षिकाओं का आरोप है कि स्कूल की ओर से कहा गया था कि स्कूल पर नोएडा प्राधिकरण का करोड़ों रुपये बकाया है, इसलिए स्कूल प्राधिकरण में पैसे जमा करने के नाम पर शिक्षिकाओं के वेतन से नगद पैसे लिए जाते थे। लेकिन यह पैसे कभी प्राधिकरण में जमा नहीं कराए गए। नोएडा सेक्टर-56 स्थित उत्तराखंड पब्लिक स्कूल की नौ से ज्यादा शिक्षिकाओं ने निष्कासन पत्र वापस लेने, कैश में वापस लिए जा रहे वेतन को लौटाने और उत्तराखंड जन कल्याण परिषद के निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने की मांग को लेकर सोमवार को स्कूल के बाहर धरना प्रदर्शन किया। यह धरना प्रदर्शन सुबह 8:30 बजे से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक चार दिन तक चलेगा। शिक्षिकाओं का आरोप है कि स्कूल की ओर से कहा गया था कि स्कूल पर नोएडा प्राधिकरण का करोड़ों रुपये बकाया है, इसलिए स्कूल प्राधिकरण में पैसे जमा करने के नाम पर शिक्षिकाओं के वेतन से नगद पैसे लिए जाते थे। लेकिन यह पैसे कभी प्राधिकरण में जमा नहीं कराए गए। इसका अंदाजा तब हुआ जब स्कूल ने एक कागज पर हस्ताक्षर करने को कहा, जिसमें लिखा था कि शिक्षिकाओं ने कैश में वेतन नहीं लौटाया है। जब शिक्षिकाओं ने इसका विरोध किया तो स्कूल से निकालने की धमकी दी जाने लगी। इसको लेकर अक्टूबर 2024 में शिक्षिकाओं ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसी आधार पर जिलाधिकारी ने सिटी मैजिस्ट्रेट, डिप्टी रजिस्ट्रार और जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की थी। शिक्षिकाओं ने जांच समिति को सभी सबूत उपलब्ध कराए। इसको लेकर तीन बार मीटिंग भी हो चुकी है, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला है। जांच समिति की पहली मीटिंग के दौरान साफ कहा गया था कि शिक्षिकाओं को स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। फिर भी विरोध करने वाली 11 शिक्षिकाओं को निष्कासित कर दिया गया। कुछ शिक्षिकाओं को जबरदस्ती स्कूल छोड़ने पर मजबूर किया गया। इसको लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरी में हमें धरने पर बैठना पड़ा। यह धरना तीन दिन तक चलेगा। हमारी मांग है कि अध्यक्ष और प्रिंसिपल को भी हटाया जाए।

# नई ईवी नीति का मसौदा तैयार करने को समिति गठित, जुलाई में लागू करने पर चल रहा है विचार

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** समिति की अध्यक्षता परिवहन आयुक्त करेंगे, जबकि इसके सदस्यों में डीटीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, विशेष आयुक्त (परिवहन), बस परिवहन के संयुक्त आयुक्त, आईआईटी दिल्ली के परिवहन अनुसंधान और चोट निवारण (टीआरआईपी) केंद्र, नीति आयोग, बीएसईएस के सीईओ, सीईएसएल के सीईओ और ईवी सेल के संयुक्त आयुक्त (परिवहन) शामिल हैं। राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर ई-वाहनों की संख्या की बढ़ोतरी के लिए नई ईवी नीति को जल्द लागू करने के लिए तैयारियां चल रही हैं। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से नई ईवी नीति का मसौदा तैयार करने के लिए बीते दिनों एक समिति का गठन किया गया है। नौ सदस्यीय समिति की ओर से 20 तक मसौदा तैयार करने की बात कही जा रही है। ऐसे में जुलाई में नई ईवी नीति लागू करने चर्चा है। समिति की अध्यक्षता परिवहन आयुक्त करेंगे, जबकि इसके सदस्यों में डीटीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, विशेष आयुक्त (परिवहन), बस परिवहन के संयुक्त आयुक्त, आईआईटी दिल्ली के परिवहन अनुसंधान और चोट निवारण (टीआरआईपी) केंद्र, नीति आयोग, बीएसईएस के सीईओ, सीईएसएल के सीईओ और ईवी सेल के संयुक्त आयुक्त (परिवहन) शामिल हैं। समिति विभिन्न हितधारकों से मिले सुझाव को ईवी नीति में शामिल करने के लिए अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। समिति मौजूदा नीति में सब्सिडी वितरण में होने वाली देरी सहित लोगों को दिए जाने वाले वित्तीय और प्रोत्साहनों का भी अध्ययन करेगी और महिला लाभार्थियों की संख्या और उन्हें दी जाने वाली सब्सिडी की मात्रा भी निर्धारित करने का प्रस्ताव दिया जाएगा। परिवहन विभाग के जुड़े अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल समिति की ओर से काम शुरू कर दिया गया है।

# होटल कारोबारी की हत्या के मामले में सात पर मुकदमा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की क्लासिक रेजीडेंसी सोसायटी के सामने रविवार रात को हुई होटल कारोबारी राहुल डागर की हत्या के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा राहुल डागर के बहनोई अविनाश सिरोही ने दर्ज कराया है।

एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि राहुल डागर के साझीदार नागेंद्र चौधरी, मनीष चौधरी, मोहित चौधरी, रितेश बिंदल, मंत्री व दो अज्ञात के खिलाफ हत्या, अमानत में खयानत आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। अविनाश सिरोही ने बताया कि नागेंद्र व राहुल डागर ने साझेदारी में हल्द्वानी में होटल खोला था। होटल खोलने के बाद होने वाली आय को नागेंद्र व उसके साथी अपने खाते में जमा कर रहे थे। इसको लेकर दोनों में विवाद चल रहा था। आरोपियों ने फोन करके राहुल डागर से मिलने का समय लिया था और आते ही गाली देना शुरू कर दिया। इसके बाद उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। एसीपी ने बताया कि पुलिस की जांच में सामने आया है कि गोली .32 की पिस्टल से चली है। पुलिस ने मौके से दो खोखे, एक भरा कारतूस मौके से बरामद किए हैं। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में एक गोली कोख में दायीं ओर फंसी हुई मिली है। अधिक रक्त बहने से मौत होने की बात सामने आई है। दो लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी खंगालने पर पता चला है कि आरोपी जिस किया कार में सवार होकर आए थे। उसका नंबर भी कैमरे में आया है। सभी लोगों की कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही घटना में प्रयुक्त कार और हथियार भी बरामद किया जाएगा।

# मुरादनगर में 75 बीघे में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर चला जीडीए का बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मुरादनगर में पाइपलाइन मार्ग पर सरना और नवीपुर गांव में सोमवार को जीडीए ने ऑपरेशन क्लीन के तहत करीब 75 बीघे में विकसित की जा रही कॉलोनी को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान अवैध निर्माण करने वाले विकासकताओं ने विरोध भी किया लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल और प्रवर्तन विभाग की टीम ने स्थिति को काबू में कर लिया। जीडीए वीसी ने अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में सोमवार को अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में जीडीए टीम मुरादनगर पहुंची थी। अपर सचिव ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई के लिए ऑपरेशन क्लीन का नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरना गांव में पिछले दिनों अवैध निर्माण की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद मौके पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी लेकिन दोबारा से निर्माण की शिकायत मिलने पर टीम पहुंची और कार्रवाई की गई। बताया कि पाइपलाइन मार्ग पर विकासकर्ता अरुण चौधरी द्वारा खसरा संख्या 27 ग्राम नवीपुर में लगभग 27 बीघे क्षेत्रफल में मिट्टी भराई और सड़कों के लिए इंटरलाकिंग का काम किया जा रहा था। वहीं, सरना में खसरा नंबर 1308, 1256-1258, 1273-1275 में आजाद द्वारा लगभग 50 बीघे क्षेत्रफल में सड़कों के लिए चहादीवारी का निर्माण और मिट्टी भराई का काम किया जा रहा था। अपर सचिव ने बताया कि सड़क, बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस और दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंताओं समेत प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते के कर्मचारी मौजूद रहे।

# मजदूर के बेटे ने रचा इतिहास, जेईई में लहराया परचम

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** मेहनत, संघर्ष और लगन के दम पर रामप्रस्थ निवासी राहुल अहिरवार ने जेईई एडवांस में सफलता पाई है। राजमिस्त्री बाबू लाल के बेटे राहुल अहिरवार ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 1367वीं रैंक पाकर परिवार का नाम रोशन किया है। दिल्ली के एक सरकारी स्कूल से इसी वर्ष राहुल ने 86 फीसदी अंक से बारहवीं पास की है। दिन में 11 घंटे अपनी किताबों के साथ बिताने वाले राहुल का सपना आईआईटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक करना है। पढ़ाई के बाद व खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। राहुल ने बताया कि उनके जीवन के सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत उनके पिता हैं, जिन्होंने तमाम परेशानियों के बाद भी उनकी शिक्षा-दीक्षा में किसी तरह की कोई कमीं नहीं होने दी। राहुल ने कहा कि उन्होंने अपनी पढ़ाई दिल्ली के सरकारी स्कूल से की है। अपनी दसवीं की परीक्षा को पास करने के बाद उन्होंने कोचिंग के लिए छात्रवृत्ति के लिए परीक्षा पास की। ताकि वह अपनी पढ़ाई बिना किसी वित्तीय परेशानी के जारी रख सकें। इसके बाद उन्होंने अपनी दिनचर्या का अधिकतर समय अपनी किताबों के साथ बिताना शुरू कर दिया और किताबों से हुई इस दोस्ती ने उन्हें जेईई एडवांस्ड परीक्षा में उत्तीर्ण करा दिया। राहुल की इस सफलता से आज ना सिर्फ उनका परिवार बल्कि पड़ोसी और रिश्तेदारों में भी खुशी की लहर है। राहुल का यह जज्बा उस हर छात्र के लिए मिसाल है जो सीमित साधनों में भी बड़े सपने देखता है और उन्हें साकार करने का जज्बा रखता है।

# गंगनहर में नहाते समय युवक डूबा, तलाश जारी, साथियों के साथ गया था हरीश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में गंगनहर में साथियों के साथ नहाते समय गहरे पानी में जाने से युवक डूब गया। पुलिस, एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीमें तलाश में जुटी हैं, लेकिन युवक का अभी तक पता नहीं चला। मसूरी थाना क्षेत्र में गंगनहर रेलवे पुल के पास एक युवक अपने साथियों के साथ नहाते समय डूब गया। स्थानीय लोगों ने डूबे हुए युवक की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ व फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। पुलिस को जानकारी मिली कि गंगनहर रेलवे पुल के पास एक युवक अपने साथियों के साथ नहाते समय डूब गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से युवक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। युवक की पहचान हरीश (23) पुत्र राधेश्याम लोधी, निवासी ग्राम सैदपुर, फरीदपुर, बरेली, हाल निवासी जसौला, साउथ दिल्ली के रूप में हुई। हरीश अपने चचेरे भाई बिट्टू लोधी, पुत्र रामकिशोर, और आठ अन्य साथियों के साथ गंगनहर में नहाने आया था। नहाते समय हरीश गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथियों ने शोर मचाया, जिसके बाद पास में नहा रहे स्थानीय युवकों ने हरीश की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। हरीश जसौला, दिल्ली में एक फैक्ट्री में कार्डबोर्ड डिब्बे बनाने का काम करता था। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह अपने साथियों के साथ गंगनहर नहाने आया था। एसीपी मसूरी लिपी नागायच ने बताया कि एनडीआरएफ और फायर ब्रिगेड को सूचित कर दिया गया है, और तलाशी अभियान जारी है।

# संपत्ति बेचने के नाम पर 9 लाख ठगने का आरोप

वेलकम इंडिया

- आरोप है कि कुछ दिन बाद पता चला कि दोनों ने उसी प्लाट को किसी और को भी बेच रखा है।
- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने महिला समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**लोनी।** दिल्ली के खजूरी खास में रहने वाले व्यक्ति को संपत्ति दिलाने के नाम पर 9 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया हैं। पीड़ित ने डीएलएफ कालोनी में रहने वाले दंपती पर पैसे ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने महिला समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ताहिर हुसैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब तीन साल पहले उन्होंने डीएलएफ निवासी राजो देवी व उनके पति हरजीत भाटी से लोनी की इनाम विहार कालोनी में हजार वर्ग गज भूमि खरीदने का एग्रीमेंट कर करीब नौ लाख रुपये बयाना दिया था। आरोप है कि कुछ दिन बाद पता चला कि दोनों ने उसी प्लाट को किसी और को भी बेच रखा है। अपने पैसे वापस मांगने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर राजो देवी, हरजीत भाटी, नवनीत भाटी व सबदर अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# 20 फिट ऊंचा प्रवेश द्वार बनेगा औद्योगिक क्षेत्र की पहचान

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** आवासीय इलाके के बीच बसा साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र अब अलग नजर आएगा। औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश के लिए दो अलग-अलग करीब 20 फिट ऊंचे प्रवेशद्वार बनाए जाएंगे।

प्रवेश द्वार का नक्शा पास हो चुका है और इसका बजट भी प्रस्तावित हो चुका है। यूपीसीडा के डीजीएमआर आरएस यादव ने बताया कि प्रवेश द्वार के लिए करीब 46 लाख का बजट प्रस्तावित हो चुका है। इसका टेंडर भी हो चुका है, जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र सौर ऊर्जा मार्ग के आगे से शुरू होते हुए कौशांबी डिपो तक विस्तारित है। वहीं यह औद्योगिक क्षेत्र वसुंधरा और वैशाली के पीछे भी पड़ता है। वहीं मुख्य तौर पर साइट-4 जाने के लिए लोग कौशांबी और सौर ऊर्जा मार्ग वाला रास्ता अपनाते हैं। डीजीएमआर ने बताया कि साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश के लिए दो भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इनमें से एक साहिबाबाद रेपिड स्टेशन की ओर से बनाया जाएगा जो सौर ऊर्जा मार्ग पर बनेगा। वहीं दूसरा प्रवेश द्वार कौशांबी की ओर से बनाया जाएगा। दोनों की ऊंचाई करीब 20 फिट होगी। दोनों ही प्रवेश द्वार पर यूपीसीडा की ओर से ग्रीन कोरिडोर बनाए जाएंगे। वसुंधरा की ओर बनाया जाने वाला प्रवेश द्वारा की चौड़ाई सड़क के दोनों लेन के बराबर होगी। सौर ऊर्जा मार्ग पर जाने और आने वाले दोनों रास्ते को यह कवर करेगा। इसके दोनों ओर हरियाली होगी ओर ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाएगा। कौशांबी की ओर से बनाया जाने वाला भव्य प्रवेश द्वार वेब सिटी के प्रवेश द्वार के तर्ज पर निर्मित होगा। यहां हरियाली के साथ ही दोनों ओर फव्वारा भी लगाया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र का रख रखाव की जिम्मेदारी जबसे यूपीसीडा ने दुबारा से संभाली है। तब से विभाग लगातार औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए कार्य योजना तैयार कर रहा है। हाल ही में यूपीसीडा ने साइट-4 को जोड़ने वाली पुरानी पुलिया का नव निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यहां की सड़कों के निर्माण का भी टेंडर हो चुका है। वहीं अब मानसून से पहले विभाग ने नाला सफाई का कार्य शुरू कर दिया है।

# शासन को भेजा जाएगा दुधेश्वरनाथ कॉरिडोर का डीपीआर और नक्शा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुधेश्वरनाथ कॉरिडोर को लेकर तैयारियां तेज हो गईं हैं। नगर निगम की ओर से कॉरिडोर का नक्शा तैयार कर लिया गया है। डीपीआर तैयार किया जा रहा है। इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से इसको स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। शासन की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद कॉरिडोर के निर्माण को शुरू किया जाएगा।

दुधेश्वरनाथ मंदिर कॉरिडोर के लिए उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चर्चा की थी। इसके बाद से मुख्यमंत्री के सपने को सच करने के लिए नगर निगम तैयारियों में जुट गया था। उस समय नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण को कॉरिडोर के नक्शे को तैयार करने के निर्देश दिए थे। लगातार बैठक और स्थलीय निरीक्षण के बाद नगर निगम की ओर से कॉरिडोर का नक्शा तैयार कर लिया है। पिछले दिनों नगर निगम की ओर से नगर आयुक्त ने जिलाधिकारी व सदर विधायक समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के सामने नक्सा पेश किया था। अब इसको फाइनल करते हुए शासन के पास भेजने की तैयारी की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि नगर निगम की ओर से कॉरिडोर के निर्माण के लिए नक्शा तैयार कर लिया गया है। डीपीआर के साथ नक्शे को जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को भेजा जाएगा। शासन से स्वीकृति के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नगर निगम की ओर से कॉरिडोर के निर्माण के दौरान मंदिर के बाहर की दुकानों को शिफ्ट करने की योजना तैयार कर ली गई है। इन दुकानों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। मंदिर के आसपास की सड़कों को चौड़ा किया जाएगा। नक्शे में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए स्थान, प्रसाद वितरण के लिए स्थान समेत अन्य सभी जरूरी चीजों का विशेष ध्यान रखा गया है।

# लड़की का दोस्त बना हैवान: छात्रा को चाकू से गोद डाला, हत्या के बाद सनकी ने जुर्म छुपाने के लिए की घिनौनी हरकत

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** महक डीयू एसओएल से बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। उसकी शनिवार और रविवार को क्लास होती थी। अर्श परिवार के साथ रानीबाग इलाके में रहता था। वह भी डीयू एसओएल में प्रथम वर्ष का छात्र है। दोनों की एक साल पहले कहीं मुलाकात हुई थी। दोनों की दोस्ती हुई थी। स्थित जंगलों में एक सिरफिरे युवक अर्शकीरत (22) ने रविवार दोपहर डीयू की छात्रा महक (18) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। जुर्म छुपाने के लिए युवती का शव जलाने की भी कोशिश की। पुलिस के मुताबिक परिवार के कहने पर युवती के दूरी बनाने से नाराज हत्यारोपी ने वारदात को अंजाम दिया। सोमवार को शव बरामद करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि रविवार को सुबह आठ बजे घर से कॉलेज जाने की बात कर महक निकली थी। दोपहर करीब ढाई बजे अर्श के पिता ने महक की मां प्रीति के मोबाइल पर कॉल कर बताया कि उनकी बेटी ने दो युवक बुलवाकर उनके बेटे को चाकू मारे हैं। पीछे से अर्श की आवाज आई कि उसने भी महक को चाकू मारे हैं। पूछने पर आरोपी ने कुतुबमीनार के एक पार्क में चाकू मारने की बात बताई। इससे महक का परिवार अनहोनी की आशंका से डर गया। बेटी का मोबाइल भी बंद आ रहा था।